मेरठ से प्रकाशित व बुलंदशहर, बागपत मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, बिजनौर, गाजियाबाद, हापुड, उत्तराखण्ड, हरियाणा में एक साथ प्रसारित

दैनिक सर्वहित भारत

सम्पर्क सूत्र—9837558066

सत्य की खोज




वर्ष –01, अंक –237 | मेरठ, शुक्रवार 17 मार्च 2023 | पृष्ठ 08, मूल्य 5/रुपये

# 70 हजार करोड़ के खर्च से खरीदी जाएंगी हॉवित्जर तोपें और ब्राह्मोस मिसाइलें, रक्षा अधिग्रहण परिषद ने दी मंजूरी

**नई दिल्ली:** हॉवित्जर, ब्राह्मोस मिसाइलें, यूएच मेरीटाइम हेलीकाप्टर आदि खरीदने के लिए रक्षा मंत्रालय ने 70.51 हजार करोड़ रुपये के प्रस्तावों को मंजूरी दी है। रक्षा क्षेत्र में 'मेक इन इंडिया' के तहत यह बहुत बड़ा कदम है। भारतीय रक्षा बलों के लिए इससे विभिन्न शस्त्र प्रणालियां खरीदी जाएंगी।

अधिकारियों ने बताया कि 70,584 करोड़ रुपये की रक्षा खरीद प्रस्तावों को मंजूरी गुरुवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) ने दी। सभी खरीद (भारतीय-स्वदेशी रूप से डिजाइन, विकसित और निर्मित) श्रेणी के तहत की जाएगी। चीन के साथ पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर लगभग तीन साल के लंबे गतिरोध के बीच नए खरीद प्रस्तावों को हरी झंडी दी गई।



डीएसी की प्रस्तावित इस भारी धनराशि से 60 भारत निर्मित यूटिलिटी हेलीकाप्टर (मेरीटाइम) और भारतीय नौसेना के लिए ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलें, भारतीय सेना के लिए 307 एडवांस टोड आर्टीलरी गन सिस्टम (एटीएजीएस) हॉवित्जर और भारतीय तटरक्षकों के लिए 9 एएलएच ध्रुव हेलीकाप्टर खरीदे जाएंगे।

डीएसी ने भारतीय वायुसेना के प्रस्तावों के लिए लंबी दूरी के गतिरोधक हथियार (एलआरएसओडब्ल्यू) खासकर के एसयू-30 एमकेआइ विमानों के लिए तैयार करने को स्वीकृति दी है। 32 हजार करोड़ रुपये के 60 यूटिलिटी हेलीकाप्टर (मेरीटाइम) युद्धपोतों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए तैयार किए जाएंगे। भारतीय नौसेना को 56 हजार करोड़ रुपये में बड़े पैमाने पर हथियार मिलेंगे जिसमें घातक ब्राह्मोस मिसाइलें, शक्ति इलेक्ट्रानिक वारफेयर (ईडब्ल्यू) प्रणालियां और यूटिलिटी हेलीकाप्टर शामिल हैं।

हॉवित्जर को चीन और पाकिस्तान से लगी सीमा पर तैनात किया जाएगा। वित्त वर्ष 2022-23 में पूंजी अधिग्रहण के लिए दी गई कुल मंजूरी अब 2,71,538 करोड़ रुपये है, जिसमें से 98.9 प्रतिशत भारतीय उद्योगों से प्राप्त किया जाएगा। राजनाथ सिंह के

## देश के खिलाफ बयान स्वीकार नहीं, कांग्रेस नेता मांगे माफी–किरण रिजिजू

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कानून मंत्री एवं भाजपा नेता किरण रिजिजू ने गुरुवार को राहुल गांधी के लंदन में दिए गए बयान के संदर्भ में कहा कि संसद नहीं चलने से देश में चिंता का माहौल है। भाजपा का इस पर स्पष्ट मानना है कि देश के खिलाफ बयान स्वीकार नहीं किया जा सकता।

भाजपा नेता ने आज पत्रकारों से बातचीत में राहुल गांधी के लंदन में दिए बयानों को लेकर उनकी आलोचना की। उन्होंने कहा



कि देशवासी भले ही उन्हें गंभीरता से ना लें लेकिन विदेश के लोग उनसे अपरिचित हैं और उन्हें लग सकता है कि राहुल गांधी जो कह रहे हैं वह सही है। कांग्रेस पार्टी को देशवासियों ने सबसे ज्यादा शासन का अवसर प्रदान किया है और ऐसी पार्टी इस विषय को गंभीरता से नहीं ले रही।

पार्टी की ओर से एक बार फिर उन्होंने राहुल गांधी से पूरे घटनाक्रम पर माफी मांगने को कहा। किरण रिजिजू ने कहा, पॉलिटिकल आइडियोलॉजी में अगर कुछ डिफरेंस होता है तो हमारे खिलाफ बोलते हैं तो चलता है लेकिन भारत के खिलाफ कोई बोलेगा तो हम लोग चुप नहीं रहेंगे। इसलिए यह बहुत क्लियर होना चाहिए कि राहुल गांधी को देश के सामने और लोकसभा में आकर माफी मांगना ही होगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि राहुल गांधी के बयानों से कांग्रेस पार्टी को नुकसान होता है या फिर उनको देश की जनता स्वीकार नहीं करती इससे भाजपा को कोई फर्क नहीं पड़ता। लेकिन जहां तक देश की छवि का प्रश्न है उसको नुकसान पहुंचाना स्वीकार्य नहीं होगा।

## कोरोना के मामलों में अचानक हुई वृद्धि को लेकर केंद्र सतर्क

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना के मामलों में अचानक हुई वृद्धि को लेकर केंद्र ने गुरुवार को छह राज्यों में पत्र लिखकर इसके प्रसार को रोकने पर ध्यान केंद्रित करने को कहा। केंद्र ने जिन राज्यों को पत्र लिखा है, उसमें महाराष्ट्र, गुजरात, तेलंगाना, तमिलनाडु, केरल और कर्नाटक शामिल है। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने इन राज्यों को लिखे पत्र में कहा कि कुछ राज्य हैं, जहां बड़ी संख्या में मामले आ रहे हैं जिससे यह संकेत मिलता है कि संक्रमण का संभावित स्थानीय प्रसार हो रहा है। राजेश भूषण ने इन राज्यों को छोटे स्तर पर कोविड-19 की स्थिति का निरीक्षण करने और बीमारी के तत्काल और प्रभावी प्रबंधन के लिए आवश्यक उपायों के क्रियान्वयन, स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी विभिन्न परामर्श का प्रभावी रूप से अनुपालन सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित करने की सलाह दी है। उन्होंने राज्यों को संक्रमण पर करीबी नजर रखने की सलाह देते हुए कहा कि भारत में पिछले कुछ महीनों में कोरोना वायरस के मामलों में काफी कमी आई है। बता दें कि पिछले कुछ हफ्तों में देश के कुछ हिस्सों में कोविड-19 के मामले बढ़े हैं और 8 मार्च तक एक सप्ताह में कुल 2,082 मामले दर्ज किए गए और 15 मार्च तक ये मामले बढ़कर 3,264 हो गए। राजेश भूषण ने बताया कि संक्रमण के प्रसार को रोकने के लिए जोखिम आकलन-आधारित रवैया अपनाने की आवश्यकता है। उन्होंने सभी स्वास्थ्य केंद्रों में कोविड-19 मामलों के नए और उभरते हुए उपस्वरूपों, इन्फ्लुएंजा जैसी बीमारियों और गंभीर श्वसन संक्रमण पर नजर रखने पर जोर दिया। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के लिए जीनोम अनुक्रमण, चिह्नित स्वास्थ्य केंद्रों से नमूने एकत्रित करने और मामलों के स्थानीय समूहों पर नजर रखने तथा भीड़भाड़ वाले स्थानों पर कोविड अनुकूल व्यवहार का पालन करने पर भी जोर दिया।

## बेमौसम बारिश से 725 सड़क परियोजनाएं पिछड़ीं, राज्यसभा में नितिन गडकरी ने दिया जवाब

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि कई राज्यों में लंबे समय तक मानसून और कुछ राज्यों में औसत से अधिक बारिश के चलते 725 सड़क परियोजनाएं निर्धारित समय से पीछे चल रही हैं।

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री ने राज्यसभा को एक लिखित उत्तर में कहा कि बिल्ड-आपरेट और ट्रांसफर (बीओटी) परियोजनाओं की तरह सभी विलंबित परियोजनाओं में अतिरिक्त लागत का प्रभाव प्राधिकरण पर नहीं पड़ता है, क्योंकि परियोजनाओं की लागत में होने वाली वृद्धि का वहन ठेका लेने वाली कंपनी वहन करती है।

**ग्रीन हाईवे पालिसी के तहत लगाया जा रहे पेड़**

हालांकि अगर प्राधिकरण के चलते परियोजनाओं में देरी होती है तो अनुबंध की शर्तों के अनुसार मूल्य वृद्धि का भुगतान ठेका लेने



वाली कंपनी को किया जाता है। एक अन्य सवाल के जवाब में गडकरी ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने ग्रीन हाईवे पालिसी के तहत 2016 से फरवरी 2023 तक 344.27 लाख पेड़ लगाए हैं।

**विश्व बैंक ने कई राज्यों से किए समझौते**

नितिन गडकरी ने राज्यसभा में ही बताया कि केंद्र सरकार और विश्व बैंक ने हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और आंध्र प्रदेश में 781 किलोमीटर ग्रीन हाईवे कारिडोर परियोजना के लिए एक समझौते हस्ताक्षर किए हैं। यह परियोजना 7,662.47 करोड़ रुपये होगी, जिसमें विश्व बैंक 50 करोड़ डालर की वित्तीय सहायता उपलब्ध कराएगा।

**इलेक्ट्रानिक्स उत्पादन 8.42 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने की उम्मीद**

इलेक्ट्रानिक्स और सूचना-प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को लोकसभा में बताया कि इलेक्ट्रानिक्स उत्पादन चालू वित्त वर्ष में 8.42 लाख करोड़ रुपये और निर्यात 1.76 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि वैश्विक निर्यात में भारत की हिस्सेदारी पिछले साल के 1.2 प्रतिशत से बढ़कर चालू वर्ष में लगभग 1.8 प्रतिशत हो गई है।

**अब तक 329 शहरों में 5जी सेवाएं**

दूरसंचार राज्यमंत्री देवू सिंह चौहान ने लोकसभा में बताया कि अब तक 329 शहरों में 5जी सेवाएं शुरू हो गई है। एक अन्य सवाल के जवाब में दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि पूरे भारत में 4जी सेवा शुरू होने के बाद बीएसएनएल की 5जी सेवाएं शुरू होंगी।

**राममंदिर को लेकर आई बड़ी खबर**

## इस दिन मूर्ति स्थापना के साथ शुरू होंगे दर्शन, 70 फीसदी काम हुआ पूरा

**अयोध्या।** अयोध्या में निर्माणाधीन राम मंदिर को लेकर बड़ी खबर सामने आई है। राम मंदिर का निर्माणकार्य काफी तेजी से पूरा किया जा रहा है। मंदिर का 70 फीसदी निर्माण पूरा हो गया। इसी बीच श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के कोषाध्यक्ष स्वामी गोविंद देव गिरिजी महाराज ने बड़ी अपडेट दी है। उन्होंने कहा कि मंदिर का 70 फीसदी निर्माण पूरा हो चुका है। जनवरी 2024 के तीसरे सप्ताह तक भगवान राम की मूर्ति की स्थापना की जाएगी और उसी दिन से भक्तों के दर्शन और पूजा करने की व्यवस्था की जाएगी।

**पीएम मोदी करेंगे मूर्ति स्थापना**

स्वामी गोविंद देव गिरी महाराज ने महाराष्ट्र के ठाणे जिले में डोम्बिवली में आयोजित एक कार्यक्रम में मीडिया से बातचीत में कहा कि जनवरी 2024 में पीएम मोदी कर कमलों से राम लला की मूर्ति की स्थापना की जाएगी। चुनाव को लेकर सामने रही खबरों को लेकर उन्होंने स्पष्ट किया कि मंदिर निर्माण और 2024 के आम चुनाव आपस में नहीं जुड़े हैं।

मंदिर निर्माण का काम काफी तेजी से पूरा हो रहा है। उन्होंने कहा कि रामलला की मूर्ति को एक मंदिर में स्थापित करने से पहले लंबे समय तक एक कपड़े के पंडाल में रखा गया था। जल्द ही उन्हें भव्य स्थान पर स्थानांतरित किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि मूर्ति स्थापना के बाद भी राममंदिर का निर्माण कार्य जारी रहेगा।

**दिल खोलकर श्रद्धालु दे रहे दान**

मंदिर निर्माण के लिए लोग दिल खोलकर दान दे रहे हैं। भव्य राम मंदिर निर्माण के लिए दिए जाने वाले नकद चंदे में भी बढ़ोतरी हुई है। नकद चंदे की बात करें तो इसमें पिछले कुछ दिनों में तीन गुना वृद्धि हुई है। हर रोज एक करोड़ रुपये से अधिक का नकद दान आ रहा है। ट्रस्ट के अधिकारी प्रकाश गुप्ता ने कहा कि राम मंदिर दानपात्र को हर 10 दिन पर खोला जाता है।

## एक बार फिर इतिहास रचने की तैयारी में ISRO, मई में शुरू होगा गगनयान का पहला अबॉर्ट मानव मिशन

**नई दिल्ली।** भारत की ओर से अंतरिक्ष मिशन को लेकर एक बयान जारी किया गया है। दरअसल, टेस्ट रॉकेट के साथ चार अबॉर्ट मिशनों में से पहला - गगनयान मिशन इसी साल मई में निर्धारित किया गया है। इस बात की जानकारी बुधवार को राज्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री जितेंद्र सिंह ने लोकसभा को दी है।

**मई 2023 में होगा पहला परिक्षण**

लोकसभा के एक प्रश्न के लिखित उत्तर में राज्य मंत्री विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री जितेन्द्र सिंह ने कहा, ÷पहला परीक्षण रॉकेट मिशन, TV-D1 मई 2023 के लिए निर्धारित है, जिसके बाद 2024 की पहली तिमाही में दूसरा परीक्षण रॉकेट TV-D2 मिशन और गगनयान के प्रथम चालक दल रहित मिशन आयोजित किये जाएंगे।

**खर्च किए गए 3 करोड़ से अधिक रुपये**

उन्होंने कहा, रोबोटिक पेलोड के साथ टेस्ट व्हीकल मिशन और LVM3-G2 मिशन की अगली सीरीज की योजना बनाई गई है। सफल परीक्षण वाहन और अनक्रूड मिशन के परिणाम के आधार पर 2024 के अंत तक क्रू मिशन की योजना बनाई गई है। मंत्री ने कहा कि 30 अक्टूबर, 2022 तक गगनयान कार्यक्रम के लिए कुल 3,040 करोड़ रुपये खर्च किए गए। उन्होंने कहा कि मानव-रेटेड लॉन्च व्हीकल सिस्टम का परीक्षण किया जा चुका हा और इस योग्य बताया गया है।

**पहली उड़ान की तैयारी पूरी**

सिंह ने बताया, उच्च मार्जिन के लिए सभी प्रणोदन प्रणालियों का परीक्षण पूरा हो गया है। क्रू एस्केप सिस्टम के प्रदर्शन के लिए के लिए परीक्षण यान टीवी-डी1 मिशन तैयार किया गया है और पहली उड़ान के लिए मंच तैयार किया गया है। टीवी-डी1 मिशन के लिए क्रू मॉड्यूल स्ट्रक्चर तैयार हो चुका है। सभी क्रू एस्केप के स्थिर परीक्षण सिस्टम मोटर्स को पूरा कर लिया गया है और बैच टेस्टिंग प्रगति पर है।

## एक दिन में बीमार बना रहा दिल्ली-एनसीआर का प्रदूषण, हवा में सबसे खतरनाक है ये गैस

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में वाहनों से होने वाला प्रदूषण (नाइट्रोजन डाइऑक्साइड) एक दिन में सांस संबंधी परेशानियां बढ़ा देता है। विभिन्न प्रदूषक तत्वों का असर अलग-अलग होता है। यह खुलासा पटेल चेस्ट इंस्टीट्यूट और राष्ट्रीय टीबी अस्पताल ने प्रदूषण बढ़ने पर इमरजेंसी वार्ड में आने वाले मरीजों पर संयुक्त शोध में किया है। यह इस तरह का पहला अध्ययन है। इसके अनुसार, राजधानी की वायु प्रदूषण बढ़ने पर दो दिन के भीतर ही अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में श्वास मरीजों की संख्या बढ़ने लगती है।

**प्रदूषण में क्या होता है सबसे खतरनाक**

प्रदूषण में शामिल तत्वों में नाइट्रोजन डाइऑक्साइड सबसे खतरनाक माना जाता है। अध्ययन में सांस में घरघराहट जैसे लक्षणों का संबंध नाइट्रोजन डाइऑक्साइड के बढ़ने के साथ देखा गया। इसका स्तर बढ़ने के एक दिन बाद ही गंभीर मरीजों की संख्या बढ़ जाती है।



यह खुलासा पटेल चेस्ट इंस्टीट्यूट और राष्ट्रीय टीबी अस्पताल ने प्रदूषण बढ़ने पर इमरजेंसी वार्ड में आने वाले मरीजों पर संयुक्त शोध में किया है। यह इस तरह का पहला अध्ययन है। इसके अनुसार, राजधानी की वायु प्रदूषण बढ़ने पर दो दिन के भीतर ही अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में श्वास मरीजों की संख्या बढ़ने लगती है।

ढाई साल तक दोनों अस्पतालों के इमरजेंसी में आने वाले 61,285 मरीजों की जांच की गई। अध्ययन के लिए 12 हजार ऐसे मरीज चुने गए जो चार हफ्ते से दिल्ली में रह रहे थे और लक्षण दो हफ्ते पहले आने शुरू हुए। दिल्ली के चार स्थानों से प्रदूषण के औसत आंकड़े जुटाए गए। कुल मरीजों में 14 ऐसे थे जिन्हें अस्पताल में भर्ती करना पड़ा।

पीएम 2.5 दो से चार दिन के भीतर आपात वार्ड जाना पड़ा। पीएम 10 चार से सात दिन बाद मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ है। ओजोन का स्तर बढ़ने पर पांच से सात दिन के भीतर मरीज बढ़े हैं। नाइट्रोजन डाइऑक्साइड से दो दिन के अंदर इमरजेंसी वार्ड में मरीजों की संख्या बढ़ी है।

# कनाडा में पढ़ रहे 700 भारतीय छात्रों पर बड़ी आफत, वीजा फर्जी पाए जाने पर भेजे जा रहे वापस

**नई दिल्ली।** कनाडा में पढ़ने गए 700 से अधिक भारतीय छात्रों को निर्वासन का सामना करना पड़ रहा है। उत्तर अमेरिकी देश में अधिकारियों ने शैक्षणिक संस्थानों में उनके %प्रवेश प्रस्ताव पत्र% को नकली पाया है। उन्हें हाल ही में कनाडा की सीमा सुरक्षा एजेंसी से निर्वासन पत्र मिला है। इंडियन एक्सप्रेस को विशेषज्ञों ने बताया है कि इनमें से अधिकांश छात्रों ने पहले ही अपनी पढ़ाई पूरी कर ली है और वर्क परमिट प्राप्त कर लिया है। कई छात्रों ने तो वर्क एक्सपीरियंस प्राप्त कर लिया था लेकिन जब उन्होंने पीआर के लिए आवेदन किया, तभी वे मुश्किल में पड़ गए। जानकारों का कहना है कि यह एजुकेशन फ्रॉड अपनी तरह का अनूठा मामला है जो पहली बार कनाडा में सामने आया है। जानकारों के मुताबिक, इतनी बड़ी धोखाधड़ी कनाडा में बड़ी संख्या में आवेदन करने वालों का ही नतीजा है। ठगी के शिकार हुए छात्रों के परिजनों ने जब जालंधर में वीजा एजेंट से बार-बार संपर्क करने की कोशिश की तो उसके दफ्तर पर हर बार ताला लगा मिला।



टोरंटो से फोन पर indianarrative.com से बात करते हुए चमन सिंह बाठ ने कहा कि +2 पास करने के बाद, लगभग 700 छात्रों ने एजुकेशन माइग्रेशन सर्विसेज, जालंधर के माध्यम से बृजेश मिश्रा के नेतृत्व में स्टडी वीजा के लिए आवेदन किया था। ये वीजा आवेदन 2018 से 2022 के बीच दाखिल किए गए थे।

बाठ के मुताबिक मिश्रा ने वीजा के लिए सभी छात्रों से 16 से 20 लाख रुपये लिए थे। इसमें एडमिशन चार्ज भी शामिल था। उसने बताया कि एयर टिकट और सिक्योरिटी डिपॉजिट के तौर पर अलग से भी पैसे लिए गए थे।

CBSA के अधिकारी अब पीड़ितों की बेगुनाही के दावों को स्वीकार नहीं कर रहे हैं क्योंकि यह साबित करने के लिए छात्रों के पास कोई सबूत नहीं हैं कि एजेंट मिश्रा ने ही सभी दस्तावेज तैयार किए थे। कनाडाई एजेंसी कनाडा के वीजा और हवाईअड्डे के अधिकारियों की विफलता को भी स्वीकार नहीं कर रहा जिन्होंने वीजा जारी किया और सभी दस्तावेजों की प्रामाणिकता की जांच करके उन्हें प्रवेश की अनुमति दी थी।

# भाजपा सरकार कर रही है पिछड़े वर्ग के लिए कार्य: वाईस चेयरमेन जय सिंह पाल।

**सर्वहित भारत**
**पिपली(राकेश कशयप)।**
नवनियुक्त गुढा मण्डल पालक व विमुक्त घुमन्तु जाति विकास बोर्ड जयसिंह पाल किसान मोर्चे के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य हरमेश सैनी के कार्यालय में पहुँचे जिनका सरदार हरमेश सिंह सैनी ने स्वागत किया। जय सिंह पाल ने पत्रकार वार्ता में बताया कि भाजपा सरकार पिछड़े वर्ग के लिए विकास कार्य करने में लगी हुई है और भाजपा सरकार ही एक ऐसी पार्टी है जोकि पिछड़े वर्ग के साथ कंधे से कंधा लगाकर खड़ी है और पिछड़ों के लिए दिन रात कार्य कर रही है।कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल भी हरियाणा के विकास के लिए कार्य करने में लगे हुए है।



कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व में विभिन्न वैश्विक मंचो पर भारत की छवि एक निर्णायक दूरदर्शी, वैश्विक भविष्य के प्रति सजग प्रहरी और सशक्त राष्ट्र के रूप में स्थापित हुई है। कोरोना संकट और रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान भारत के सामर्थ्य और क्षमताओं से पूरी दुनिया परिचित हुई है। भारत मानवता की रक्षा तथा पर्यावरण और प्रकृति के संरक्षण की दिशा में विश्व को दिशा देने वाला अग्रणी देश बनकर उभरा है। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में भारत जी-20 की अध्यक्षता करते हुए देश में पहली बार अंतरराष्ट्रीय संगठन के अति संवेदनशील कार्यक्रमों में अपनी भूमिका निभा रहा है। जो देश के इतिहास में एक नया अध्याय का सूत्रपात कर रहा है। उन्होंने कहा कि विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक संगठन भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता विश्व पटल पर देश को अग्रणी भूमिका में खड़ा करने के लिए अपने सर्वोच्च नेता और देश ही नहीं, बल्कि दुनिया के सबसे लोकप्रिय जन नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कोटि-कोटि अभिनंदन करता है।इस मौके पर जसविंदर जस्सी सैनी आदि लोग मौजूद थे।

# शुद्राज महापंचायत महम चौबीसी में पहुंचेंगी लाखों की भीड़:-कश्यप।

**सर्वहित भारत**
**करनाल/कुरुक्षेत्र**
**(राकेश कशयप)।**
पूर्व सांसद राजकुमार सैनी राष्ट्रीय अध्यक्ष लोसुपा ने अपने जातिगत जनगणना व आरक्षण बचाओ रथयात्रा को लेकर जो सफीदों से चलकर अरडाना होते हुए हल्का असंध के जींद चौंक,सालवन चौंक और रत्तक चौंक पर पहुंचीं। लोसुपा के कार्यकताओं को संबोधित किया की ओबीसी और दलित समाज को इस पाखंडवाद से बचाना होगा तभी यह अपने हकों की लड़ाई लड़ सकते हैं। महम चौबीसी चबूतरे पर होने जा रही शुद्राज महापंचायत का न्यौता दिया गया जिसमें ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचने का आह्वान किया गया और 2024 के चुनाव मैं अपनी हिस्सेदारी को लेकर अंधविश्वास और पाखंडवाद को छोड़कर सत्ता को हासिल करें। स्वामी प्रसाद मौर्य ,बाबूराम कुशवाहा और आदरणीय राजकुमार सैनी की तर्ज पर आर एस एस भागवत ने भी माना कि ब्राह्मण ने अपने लालच के लिए जातियों का निर्माण किया जिसमें भोली-भाली जनता फंस कर अपने हको से वंचित रह गई । इस यात्रा में प्रदेश उपाध्यक्ष पवन कश्यप सालवन, जिला अध्यक्ष सोमबीर बल्ला , जोगिंदर सैनी,हल्का अध्यक्ष रमेश बुक्कल , रामेश्वर , श्याम पाल रोहिल्ला राजवीर जांगड़ा रणधीर असंध ताराचंद सैनी आदि मौजूद रहे।



# गैस सिलिंडर के बढ़ते दाम से उज्जवला योजना के लाभार्थियों के घरों में फिर से चूल्हे जलने लगे हैं।

**सर्वहित भारत**
**अभिषेक गौड़**
**कस्बा बहसूमा**
गैस सिलिंडर के बढ़ते दाम से उज्जवला योजना के लाभार्थियों के घरों में फिर से चूल्हे जलने लगे हैं। हाल यह है कि इस योजना के 50 फीसदी लाभार्थियों ने सिलिंडरों को भरवाना बंद कर दिया है।
प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत वर्ष 2017 बागपत में 89357 लाभार्थियों को गैस सिलिंडर, चूल्हे, रेगुलेटर समेत अन्य सामान वितरित किया गया था। उस समय गैस सिलिंडर की कीमत 568 रुपये थी और उसमे उज्जवला योजना के लाभार्थियों को सिलिंडर के दाम के हिसाब से सब्सिडी भी दी जाती थी। उज्जवला योजना से गैस सिलिंडर व चूल्हा मिलने के बाद घरों में चूल्हे जलने बंद हो गए थे और गैस का इस्तेमाल शुरू कर दिया था। उसके बाद से लगातार घरेलू गैस सिलिंडरों के दाम बढ़ते जा रहे है। अब सिलिंडर के दाम 1100 रुपये रुपये तक पहुंच गए और इस समय सब्सिडी केवल 200 रुपये मिल रही है। लाभार्थियों ने गैस सिलिंडर को भरवाना बंद कर दिया है और अधिकतर दोबारा से चूल्हे का इस्तेमाल करने लगे हैं।



### चूल्हे पर खाना बनाना शुरू कर दिया

गैस सिलिंडर जब मिला था, तब साढ़े पांच सौ रुपये में भर जाता था और उनमें भी 200 रुपये से ज्यादा वापस मिल जाते थे। अब 1100 रुपये का इंतजाम कैसे करें, इसलिए जंगल से लकड़ी लाकर व उपले से चूल्हा जलाकर खाना बना लेते हैं।

### कैसे भरवाए इतना महंगा सिलिंडर

हमारे परिवार के सभी लोग मजदूरी करते हैं। गैस सिलिंडर खाली होने पर भरवाने के लिए कई दिन तक रुपये इकट्ठे करने पड़ते थे। अब सिलिंडर महंगा इतना हो गया कि कहां से भरवाए, अब फिर से चूल्हा जलाना शुरू कर दिया है।

# ग्राम महाराजपुर में गंदे पानी का सड़क पर भराव,

**सर्वहित भारत**

**जिला संवाददाता कंवरपाल सिंह व सुभाष चंद की रिपोर्ट**



जिला हरिद्वार के ब्लॉक लक्सर के गांव महाराजपुर में बहादराबाद मार्ग पर काफी समय से गंदे पानी का भराव है। एक तरफ तो सरकार स्वच्छता अभियान चला रही है वहीं दूसरी ओर महाराजपुर गांव में मेन रास्ते पर जोकि महाराजपुर से बहादराबाद को जाता है। काफी समय से गंदे पानी का भराव है। जिससे वहां के लोगों को व आने जाने वाले लोगों को भी काफी परेशानियों का सामना उठाना पड़ता है। और वही वहां के लोगों का कहना है कि छोटे बच्चे है जो स्कूल जाते हैं उन कुछ बच्चो भी इसी पानी से गुजर कर जाना होता है कई बार छोटे बच्चे इस पानी में गिर जाते हैं। और फिर स्कूल भी नहीं जा पाते इस तरह से उनकी पढ़ाई पर भी असर पड़ रहा है। और इस गंदे पानी के कारण कई बीमारियों का पनपने का भी खतरा है। इस समस्या को देखते हुए हम लोग भी संबंधित विभागीय प्रशासन से कहना चाहेंगे। कि इस तरह की समस्याओं को हल किया जाए। और साथ ही मौजूदा प्रधान से भी कहना चाहेंगे। कि अपने गांव की समस्याओं को प्रशासन तक पहुंचाएं और गांव वालों की समस्याओं का समाधान करवाएं।

# हजरत सैयद दादा खान मोमिन शाह रहमतुल्लाह अलेही का 40 वा सालाना उर्स

**मो. साजिद / सर्वहित भारत**
**लक्सर ।** नगर पंचायत सुल्तानपुर आदमपुर मे हजरत सैयद दादा खान मोमिन शाह रहमतुल्लाह अलेही पीरबाबा का 40 वा सालाना उर्स आगामी 13, 14 ,15 मार्च को गद्दी नशीन शराफत मियां साहब और डायरेक्टर वरिस अहमद, एडवोकेट आजम भारती की सरफरस्ती में आयोजित होने जा रहा है । इस वर्ष भी पूरे जोर झ शोर से उर्स मेले को लेकर हजरत सैयद दादा खान मोमिन शाह रहमतुल्लाह अलेही पीरबाबा उर्स कमेटी द्वारा तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है । जानकारी देते हुए पीरबाबा उर्स कमेटी के अध्यक्ष वरिस अहमद ने बताया कि इस वर्ष उर्स मेले में विशेष तौर पर हिंदुस्तान के मशहूर कव्वाल तस्लीम आरिफ और टीना परवीन अपने कलाम से उपस्थित जन समूह को नवाजेंगे एडवोकेट आजम भारती ने बताया कि 14 मार्च सोमवार को हजरत सैयद दादा खान मोमिन शाह रहमतुल्लाह अलेही की दरगाह पर कव्वाली का प्रोग्राम पेश किया जाएगा 14 मार्च को हिंदुस्तान के मशहूर कव्वाल शरीफ परवाज और रौनक परवीन मगलवार बाद नमाज इशा कव्वाली का प्रोग्राम शुरू होगा । 15मार्च को रात्रि 10 बजे से मुशायरे का कार्यक्रम शुरू होगा । मुशायरे में हिंदुस्तान के मशहूर शायरों को बुलाया जा रहा है वहीं शायरों के द्वारा हजरत सैयद दादा खान मोमिन शाह रहमतुल्लाह अलेही की मजार पर महफिले समा पढ़ी जाएगी और उर्स का समापन होगा ।तीन दिनों तक चलने वाले इस उर्स मेले में विभिन्न प्रकार की प्रदर्शनी , झूले लंगर स्टाल लगाए जा रहे है , विशेष साज सज्जा से पूरी दरगाह को सजाया जा रहा है साफ देखने को मिलती है यह उस हिन्दू मुस्लिम एकता का प्रतीक भी है । उर्स की तैयारियों को लेकर दोनों कौमों द्वारा विशेष तौर पर तैयारियां की जाती है । उर्स कमेटी द्वारा भी विशेष तौर साज सज्जा की गई है उल्लेखनीय है कि पीरबाबा के उर्स में प्रदेश शासन के आला अधिकारी , पूर्व जनप्रतिनिधियों के अलावा दूर दूर से जायरीन , श्रद्धालु बाबा की दरगाह में माथा टेकने आते है और मन की मुरादे पाते है उस की तैयारियों में लगे एडवोकेट असम भारती, सोनू , साजिद , नाजिम अली , इरफान खान , मो . शफीक , शकील अहमद , नावेद , असलम अहमद , अरशद खान , सहित तमाम उर्स कमेटी ने उर्स मेले में पहुंचने की अपील की है





# घटना के 24 घंटे बाद भी पुलिस आरोपियों तक नहीं पहुंच पाई

## जल्द से जल्द डबल मर्डर का खुलासा किया जाएगा : सीओ बरूण कुमार सिंह

## 24 घंटे बाद भी पुलिस के हाथ खाली

सर्वहित भारत
**बुलन्दशहर :** शिकारपुर नगर के मौहल्ला लाल दरवाजा फारूकी नगर में बुधवार की रात्रि में पति पत्नी को अज्ञात व्यक्ति द्वारा सिर में धारदार हथियार से हमला कर दिया था मौके पर पत्नी की मौत हो गई थी पति घायल हो गया था जिससे उपचार के लिए मेरठ मेडिकल रेफर कर दिया था इलाज के दौरान पति ने भी दम तोड़ दिया था दंपत्ति हत्याकांड में 24 घंटे बाद भी पुलिस के हाथ खाली डबल मर्डर में पुलिस दूसरे दिन भी नहीं पहुंच पाई हत्या आरोपियों तक बुधवार को घर के बाहर छप्पर में सो रहे दम्पत्ति शब्बीर पुत्र हफीज खां व रिहाना पत्नी शब्बीर की बुधवार की रात में अज्ञात लोगों ने सिर में धारदार हथियार मार कर हत्या कर दी थी हत्या को लेकर नगर में सनसनी फैली हुई है वहीं घटना के 24 घंटे बाद भी पुलिस आरोपियों तक नहीं पहुंच पाई है हालांकि शिकारपुर सीओ वरुण कुमार सिंह, ने बताया कि घटना खोलने के लिए पुलिस की चार टीमें लगाई गई हैं जिसमें सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है तथा लोगों से पूछताछ की जा रही है जल्द से जल्द घटना का खुलासा कर दिया जायेगा बुधवार की रात को नगर के मौहल्ला लाल दरवाजा फारुकी नगर में हुए डबल मर्डर को लेकर नगर के लोग अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं वहीं मौहल्ले के लोग दिन ढलते ही घरों में कैद हो गए ओर दहशत के कारण शो नहीं पा रहे है ।



# देश में तीसरी बार भी बनेगी भाजपा की सरकार:रणधीर कश्यप।



सर्वहित भारत
**कुरुक्षेत्र(राकेश कश्यप )।** ओ बी सी मोर्चा के प्रदेश के कार्यकारिणी सदस्य रणधीर कश्यप सुलखनी ने कहा कि देश में नरेंद्र मोदी की नीतियों से आमजन प्रभावित हैं ओर प्रदेश की खट्टर सरकार भी भाई भतीजावाद को खत्म करके पारदर्शिता से सभी कार्य कर रहे हैं ।

2024 लोकसभा चुनाव में केंद्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार पूर्ण बहुमत के साथ बनेगी ।मोदी जी को कांग्रेस पार्टी का कार्यकर्ता छोड़कर देश का हर नागरिक नरेंद्र मोदी सरकार की नीतियों से प्रभावित है और नरेंद्र मोदी के साथ कंधे से कंधा लगाकर चलने को तैयार खड़ा है।

# लाडवा विधानसभा में करीब 10 करोड़ की लागत से 24 सडको का किया जाएगा निर्माण: डॉ पवन सैनी

## लाडवा विधानसभा के विकास में नहीं आने दी जाएगी पैसे की कमी।

**सर्वहित भारत**
**पिपली(राकेश कशयप)।**
भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री लाडवा से पूर्व विधायक डॉ पवन सैनी ने कहा कि लाडवा विधानसभा में करीब 10 करोड़ रुपए की लागत से 24 सडकों का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए जल्द ही टेंडर लगाकर काम शुरू कर दिया जाएगा। लाडवा विधानसभा में कुल 52 सडकों का एस्टीमेट भेजा गया था जिसमें से मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने 24 सडकों के निर्माण के लिए करीब 10 करोड़ रुपए की राशि जारी की है। जिनके जल्द ही टेंडर लगाकर काम शुरू कर दिया जाएगा। शेष बची सडकों का भी जल्द ही कार्य लगेगा, जिसके बाद लाडवा विधानसभा के अंदर सभी सडकें फिर से नई बन जाएगी।
प्रदेश महामंत्री डा. पवन सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के मार्गदर्शन में लाडवा विधानसभा में विकास की किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी। जल्द ही लाडवा विधानसभा में शेष बचे हुए सभी कार्य को पूरा किया जाएगा। लाडवा हिनौरी रोड से सहारनपुर कुरुक्षेत्र रोड, लाडवा हिनौरी रोड से मुराद नगर, शाहाबाद लाडवा रोड से हरि सिंह माजरा, गांव सिंबलवाल से फाल्संडा जाटान तक, गांव सुल्तानपुर से गांव पटाक माजरा तक, लाडवा रायपुर रोड से गांव गोविंदगढ़ तक, लाडवा मुस्ताबाद रोड से लेकर गांव गूढा, लाडवा मुस्तफाबाद रोड से गांव छपरा तक, शाहबाद रोड से गांव ईश्वररेहड़ी तक, पीपली जीटी रोड से गांव किशनपुरा तक, शाहबाद से गांव ढीग तक, गांव अंटेडी से अंटेडी स्कुल तक, लाडवा मुस्ताबाद रोड से गांव ध्यानगला तक, गांव उमरी जीटी रोड़ से लेकर गांव सोढी, लाडवा हिनोरी रोड से गांव बपदी तक, लाडवा से गांव बनी छन्नो तक, लाडवा इंद्री रोड से गांव लाठी धनोरा तक, लाडवा इंद्री रोड से भूत माजरा तक, शाहबाद लाडवा रोड से गांव सूजरा, मंडोखरा तक, लिंक रोड से गांव बीड़ कालवा तक, गांव यारा से गांव बेरथला-बेरथली तक, शाहबाद रोड से गांव खिडकी विरान तक, शाहबाद लाडवा रोड से गांव बीड सुजरा तक, लाडवा हिनोरी रोड से गांव बनी तक सडकों का नवनिमार्ण करवाया जाएगा।



प्रदेश महामंत्री ने कहा कि लाडवा विधानसभा के विकास में पैसे की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी मुख्यमंत्री मनोहर लाल हरियाणा प्रदेश के सभी हलकों का समान रूप से विकास कर रहे है। इसी कड़ी में लाडवा विधानसभा में किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं रहेगी। लाडवा में आने वाले समय में एक आदर्श विधानसभा क्षेत्र बनेगा। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने लाडवा विधानसभा के लिए कई परियोजनाएं की मंजूरी दे रखी है जिसको बहुत जल्द पूरा किया जाएगा। शिक्षा, स्वास्थ्य और बिजली के मामले में लाडवा विधानसभा प्रदेश में नंबर वन विधानसभा में से एक विधानसभा है। भ्रष्टाचार मुक्त शासन, पारदर्शी व्यवस्था और लोगों की जीवन शैली को सुगम बनाने के लिए हरियाणा सरकार ने पिछले कुछ वर्षों में कई नई पहल की हैं जिनकी देशभर में काफी सराहना हुई है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल प्रदेश में नई-नई योजनाएं शुरू कर केंद्र और अन्य राज्यों के सामने मिसाल कायम की है। इन योजनाओं को बाद में कई राज्यों ने अपने यहां अपनाया है। हरियाणा की लाल डोरा मुक्त करने की योजना को केंद्र ने पूरे देश में स्वामित्व योजना के नाम से लागू किया है। कई राज्य अभी भी प्रदेश की विभिन्न योजनाओं का अध्ययन कर रहे है। इस अवसर पर पिपली मंडल के अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा, जसकरण छपरा, सुरेश धनौरा सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# संहिता जनसहायक चैरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा चल रही मुहिम हर घर शिक्षा, घर-घर योग

जैसा कि सभी जानते हैं योग एक जीवन जीने की कला है योग एक जादू है, यह वह जादू है जो व्यक्ति,बच्चे इसे मन लगाकर इमानदारी से करते हैं, उनके जीवन में एक नई किरण पैदा होती है और जो वह चाहते हैं उन्हें मिलता है साथी मानसिक व शारीरिक रूप से स्वस्थ रहते हैं' ट्रस्ट के अध्यक्ष नीतू चौधरी बताती हैं कि हमारे ट्रस्ट के द्वारा मुहिम हर घर शिक्षा घर घर योग का उद्देश्य यही है कि हम जरूरतमंद बच्चों को शिक्षा व स्वास्थ्य देने में मददगार हों, चाहे वह बच्चे स्लम्स के हो चाहे हमारे सरकारी स्कूलों के।

क्योंकि कॉन्वेंट स्कूल में बच्चों को हर तरह की सुविधा मिलती है मगर यह है वह बच्चे होते हैं, जिन तक कोई इतना ध्यान नहीं देता और मुझे इन बच्चों से बहुत लगाव है बहुत प्यार है और मैं चाहती हूं कि ज्यादा से ज्यादा बच्चों तक मैं और मेरे सहयोगी पहुंच पाए और इनके लिए जितना भी हम कर सकते हैं वह कर पाए, साथ ही में इन बच्चों के माता-पिता व स्कूल के अध्यापक गणों से भी अनुरोध करना चाहूंगी कि हमारे साथ साथ वह भी हमारी इस मुहिम में हमारा साथ दें ताकि हम इनके सफल भविष्य के लिए एक जरिया बन सके।

जैसा कि हम सभी जानते हैं,योग बढ़ते बच्चों के लिए बहुत ही आवश्यक है, बच्चे की भावनात्मक स्थिरता में सुधार करता ही है, साथ ही साथ मन को भी शांत रखने में मदद करता है। योग बच्चों की भावनाओं और व्यवहार को प्रभावित करता है, जिसके फलस्वरूप उनके मानसिक स्थिति पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है. योग एक गहन समझ प्रदान करता है, जो हमें अनुशासित रहने में भी मददगार साबित होता है. जब बच्चे छोटी उम्र से ही योग करना शुरू करते हैं, तब उनका टीनएज वाला भावनात्मक उतार-चढ़ाव का दौर काफी सहजता से बीतता है.

यह सिद्ध हो चुका है कि योग से हमारा मन शांत होता है. और यह वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित हो चुका है कि जब हमारा मन शांत होता है, तब हमारा शरीर और दिमाग अच्छे से काम करता है. यदि किसी व्यक्ति को सफल होना है, तो मन का शांत होना और तन का स्वस्थ होना अति आवश्यक है, यानी हम कह सकते हैं योग आगे चलकर बच्चों की सफलता की कुंजी बन सकता है



शाकिर खान/सर्वहित भारत

रुद्रपुर शहर में एनएच की भूमि अधिग्रहण हेतु पुलिस लाईन रुद्रपुर में पुलिस व प्रशासन द्वारा मीटिंग की गई तथा शांति व्यवस्था हेतु पुलिस फोर्स की ब्रीफिंग की गई। प्रशासन द्वारा डीडी चौक से इंद्रा चौक और अग्रसेन चौक से बाटा चौक तक धारा -144 लागू की गई है। धारा -144 का उलंघन करने वालों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।



सर्वहित भारत

राजस्थान के नागौर जिले में एक लड़की की शादी में उसके तीन मामाओं ने 3.21 करोड़ का मायरा भरा जिसमें 16 बीघा खेत, 30 लाख का प्लॉट, 40 तोला सोना, एक किलो चांदी, एक ट्रेक्टर-ट्रॉली धान, एक स्कूटी और 81 लाख कैश दिया गया.

# व्यापारियों के साथ लूट व अन्य घटनाओं को लेकर व्यापारियों में भारी आक्रोश, एसपी को दिया ज्ञापन

**हापुड़।** जिले मे व्यापारियों के साथ लगातार हो रही लूट व अन्य अपराधिक वारदातों से व्यापारियों में आक्रोश व्याप्त है। व्यापारियों ने एसपी को ज्ञापन देकर घटनाओं के खुलासे की मांग की है।

हापुड़ उघोग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने एसपी अभिषेक वर्मा को दिए ज्ञापन में कहा कि पिछले कुछ समय मे जनपद भर मे व्यापारी वर्ग के साथ हो रही लूट की घटनाओं से व अन्य घटनाओं के चलते व्यापारियों मे भय व असुरक्षा का माहौल है।



व्यापारी भारी तनाव के बीच व्यापार करने को मजबूर है। क्रमवार देखें तो हापुड़ के लकड़ी व्यापारी देवेश गुलाठी को कृष्णा गली मे घर मे घुसकर लूट की, मोदीनगर रोड पर किराना व्यापारी के साथ अपराधिक घटना, खरबन्दा गारमेन्टस हापुड़ वालों के साथ लूट की घटना, कपूरपुर थाना क्षेत्र में दिन दहाड़े फाइनेन्स कम्पनी के मुनीम के साथ लूट की घटनाओं से क्षेत्र के व्यापारियों मे भय व असुरक्षा का माहौल है।

# वाहनों की मरम्मत को लेकर नगर आयुक्त सख्त

**गाजियाबाद।** नगर आयुक्त डॉ नितिन गौड़ द्वारा गुरुवार को विजयनगर जोनल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। जिसमें विजय नगर जोन के निर्माण विभाग के अधिकारियों सहित जोनल प्रभारी से वार्ता की गई। मौके पर नगर आयुक्त द्वारा वहां खड़े हुए ई रिक्शा जोकि खराब स्थिति में खड़े थे, उनके बारे में संबंधित अधिकारी से वार्ता कर तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए गए, ताकि शहर हित में उक्त वाहनों का इस्तेमाल किया जा सके।

विजयनगर का जायजा करते हुए विजय नगर जोन ऑफिस में



उपस्थित अधिकारियों तथा कर्मचारियों की उपस्थिति का रजिस्टर भी जांचा, साथ ही वहां आए हुए आगंतुकों से भी वार्ता की। जिसके दौरान जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र पर की जा रही

## तत्काल कार्यवाही के दिये निर्देश

कार्यवाही को लेकर जोनल प्रभारी से कार्यवाही जानी, जन्म तथा मृत्यु प्रमाण पत्र को लेकर कार्यशैली को और अधिक बेहतर करने के निर्देश दिए गए।

### स्वास्थ्य विभाग की व्यवस्थाओं को करे सुदृढ़ एनएसए: नगर आयुक्त

नगर आयुक्त द्वारा निरीक्षण के क्रम में ही शहर की स्वच्छता को बेहतर करने के लिए एनएसए को निर्देश दिए जिसमें ना केवल स्वच्छता कर्मियों को बेहतर कार्य के लिए मोटिवेट करना है, बल्कि स्वच्छता संबंधित संसाधनों को भी बेहतर करने के लिए कहा गया है। जिस पर नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मिथिलेश द्वारा जोंन में खराब पड़े हुए वाहनों को मरम्मत कराने के लिए टीम को अवगत कराया गया। नगर स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए समस्त जोन का जायजा लिया गया। कुछ ई-रिक्शा जिनकी बैटरी खराब थी, मरम्मत के लिए कार्यवाही की गई। अन्य वाहनों पर भी ठीक कराने हेतु कार्यवाही की गई।

# रात्रि में जारी है नगर आयुक्त का औचक निरीक्षण

## मौके पर अधिकारियों को दिए कड़े निर्देश

**गाजियाबाद।** नगर आयुक्त डॉ नितिन गौड़ द्वारा रात्रि मे भी शहर का दौरा लिया जा रहा है। जिसमें मौके पर संबंधित अधिकारियों को कार्यवाही करने हेतु कड़े निर्देश भी दिए जा रहे हैं। इसी क्रम में सिटी जोन के अंतर्गत औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उद्यान प्रभारी डॉ अनुज तथा महाप्रबंधक जल भी उपस्थित रहे। मुख्य मार्गों के साथ-साथ आंतरिक वार्ड का भी जायजा लिया गया।

पंचवटी, कोट गांव, चौधरी मोड़ से होते हुए वार्ड संख्या 52 तथा अन्य आसपास के क्षेत्र का जायजा लिया गया। जिसमें मौके पर क्षेत्रीय निवासी तथा जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। जिनके द्वारा नगर आयुक्त को क्षेत्र की समस्याओं के बारे में अवगत कराया गया। मुख्य रूप से प्रकाश व्यवस्था का जायजा लिया गया। जिसमें पंचवटी तथा न्यू पंचवटी कॉलोनी में प्रकाश व्यवस्था



सुचारू करने के आदेश दिए गए। नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि वार्ड संख्या 52 की आंतरिक गलियों का भी जायजा लिया गया। क्षेत्रीय निवर्तमान पार्षद अभिषेक चौधरी से हुई वार्ता में बताया गया कि जल निकासी की मुख्य समस्या है जिसमें रेलवे विभाग से समन्वय कर कार्यवाही की जानी है। जिसके लिए तत्काल संबंधित अधिकारियों को रेलवे विभाग से पत्राचार करते हुए कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। मौके पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों तथा निवासियों ने नगर आयुक्त का धन्यवाद जताया।

साथ ही गाजियाबाद नगर निगम द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना भी की गई।

# शिक्षा की अलख जगा रही अंजली सिंह आगरा में होंगी सम्मानित

नया विचार नई उर्जा फाउंडेशन ऑफ इंडिया की अध्यक्ष अंजली सिंह देशज फाउंडेशन ट्रस्ट के दसवें स्थापना दिवस पर आगरा में आयोजित एक कार्यक्रम में केरल के मुख्य सचिव डॉ0 बीपी जॉय द्वारा सम्मानित की जाएंगी। आपको बता दें कि अंजली सिंह पिछले कई वर्षों से गरीब परिवारों के बच्चों में शिक्षा का अलख जगा रही हैं। उनके द्वारा अनेकों स्थानों पर शिविर लगाकर गरीब बच्चों को शिक्षा देने का सिलसिला आज भी जारी है।

नया विचार नई ऊर्जा फाउंडेशन के माध्यम से परिवर्तन पाठशाला में आज हजारों बच्चों को शिक्षा देने का कार्य अंजली सिंह द्वारा किया जा रहा है। उनके द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे



कार्यों की प्रशंसा आज चारों ओर हो रही है। उनके इन प्रयासों से आज हजारों परिवारों के घरों में शिक्षा का उजाला हो रहा है।

अंजली सिंह को शिक्षा की दिशा में किए जा रहे कार्यों के लिए राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार की तरफ से भी सम्मानित किया जा चुका है इसके अलावा कई अन्य मंचों पर भी उन्हें सम्मान मिला है। अब 19 मार्च को देशज फाउंडेशन ट्रस्ट के दसवें स्थापना दिवस पर केरल सरकार के मुख्य सचिव डॉक्टर बीपी जॉय द्वारा देशज सम्मान से उन्हें सम्मानित किया जाएगा। आपको बता दें कि उनके पति गंभीर सिंह गाजियाबाद के नगर मजिस्ट्रेट के रूप में तैनात हैं और वे भी गरीब बच्चों को शिक्षा प्रदान कराने के लिए अलग-अलग तरीकों से गरीब परिवारों की मदद कर रहे हैं। फिर चाहे वह प्राइवेट स्कूलों में ईडब्ल्यूएस कोटे के तहत एडमिशन का मामला हो या किसी गरीब बच्चे की फीस माफी का मामला हो। वे हमेशा गरीब परिवार के बच्चों को शिक्षा दिलाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।

## नशा मुक्ति केंद्र में देर रात अधेड़ शख्स की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत

**गाजियाबाद।** ट्रानिक सिटी का सिटी थाना क्षेत्र के खानपुर मोड़ स्थित अविष्का फाउंडेशन नशा मुक्ति केंद्र में बृहस्पतिवार देर रात अधेड़ व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच कर रही है ।पुलिस के मुताबिक, नशा मुक्ति केंद्र में पश्चिम विहार, दिल्ली के 45 वर्षीय अंकित का उपचार चल रहा था। बृहस्पतिवार देर रात नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती अन्य लोगों ने शोर मचाया। शोर-शराबा सुनकर स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची तो पता चला कि अंकित की मौत हो चुकी है। बताया गया कि नशा मुक्ति केंद्र के लोगों ने ही उसकी जमकर पिटाई की थी। इस वजह से उसकी मौत हुई है। नशा मुक्ति केंद्र का संचालक विपिन सिंह फरार हैं। पुलिस का कहना है कि मामले की सभी पहलुओं से जांच करके विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## बदमाशों के साथ पुलिस की मुठभेड़, एक गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के लोनी बॉर्डर थाना इलाके में बुधवार देर रात लालबाग मार्ग मूवी मैजिक के सामने चैकिंग के दौरान पुलिस की मोटरसाइकिल सवार बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में एक बदमाश पुलिस की गोली लगने से घायल हो गिर गया, जिसे पुलिस ने घेराबंदी कर धर दबोचा जबकि साथी बदमाश पुलिस को चकमा देकर भागने में सफल हो गया। गिरफ्तार घायल बदमाश के कब्जे से पुलिस ने अवैध तमंचा,कारतूस व एक चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस ने उपचार के लिये अस्पताल में भर्ती कराया है। सहायक पुलिस आयुक्त लोनी रजनीश उपाध्याय ने बताया कि बुधवार रात को लोनी बॉर्डर पुलिस टीम लाल बाग मार्ग पर चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक मोटरसाइकिल पर सवार दो युवकों को पुलिस ने रुकने का इशारा किया पुलिस टीम को देखकर मोटरसाइकिल सवार युवकों ने मोटरसाइकिल मोड़ भागने लगे। संदिग्ध लगने पर चैकिंग कर रही टीम ने बदमाशों का पीछा किया ।पुलिस द्वारा पीछा करने पर बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायर कर दिया।

# शादी के फर्जी दस्तावेज बनवाकर युवती ने मांगे 10 लाख रुपये

## रकम नहीं दी तो झूठे केस में फंसाने की दी धमकी

**गाजियाबाद।** मोदीनगर के एक व्यक्ति ने कौशांबी थाना क्षेत्र की एक युवती और उसके माता व पिता पर धोखाधड़ी व ब्लैकमेल करने का आरोप लगाया है। पीड़ित व्यक्ति का आरोप है युवती ने शादी के फर्जी दस्तावेज बनवा लिए और उन्हें ब्लैकमेल कर दस लाख रुपये मांग रही है। रुपये नहीं देने पर फंसाने की धमकी दे रही है। पीड़ित ने कोर्ट की मदद से कौशांबी थाने में पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मोदीनगर के एक व्यक्ति ने बताया उनका बेटा विदेश में नौकरी करता है। शादीशुदा है और उनके बच्चे भी हैं। उनका आरोप है कि कौशांबी थाना क्षेत्र की एक सोसाइटी की युवती ने ऑनलाइन उनके बेटे से बातचीत शुरू की। कुछ दिन बाद उनका बेटा घर लौटा। 17 मार्च 2022 को युवती ने बेटे को कॉल कर



मिलने के लिए अपने घर बुलाया। बेटा घर लौटा तो वह काफी सहमा हुआ था। कुछ दिन बाद युवती ने उनके मोबाइल नंबर पर उनके बेटे से शादी का प्रमाण पत्र भेजा। उसपर बेटे के हस्ताक्षर नहीं थे।

उन्होंने बेटे से जानकारी कि तो उसने बताया कि युवती उनसे पहले ही तीन लाख रुपये ठग चुकी है। होली पर उसने माता और पिता की मौजूदगी में कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया था। इससे उनकी हालत खराब हो गई थी। अब युवती उन्हें ब्लैकमेल कर दस लाख रुपये मांग रही है।

रुपये नहीं देने पर झूठे केस में फंसाकर जेल भिजवाने की धमकी दे रही है।

पीड़ित का आरोप है कि उन्होंने स्थानीय पुलिस से गुहार लगाई और एसएसपी से भी मिले। कार्रवाई नहीं होने पर कोर्ट की शरण ली। सहायक पुलिस आयुक्त इंदिरापुरम स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जांच की जा रही है।

## विद्युतकर्मियों की हड़ताल पर जाने के बाद जिला प्रशासन ने दिखाई मुस्तैदी, जारी किए दिशा-निर्देश

**गाजियाबाद।** विद्युतकर्मियों की हड़ताल पर जाने के बाद जिला प्रशासन ने मुस्तैदी दिखाई है। डीएम राकेश कुमार सिंह ने प्रशासनिक अधिकारियों से विद्युत कर्मचारी संगठन के प्रतिनिधियों से वार्ता कर विद्युत व्यवस्था बनाए रखने की अपील करने को कहा है। इसके साथ ही संवेदनशील प्रतिष्ठानों अस्पताल, मेडिकल कालेज, टेलीफोन एक्सचेंज, टेलीकाम टावर्स, वाटर वर्क्स, पंप कैनाल, राजकीय नलकूप और महत्वपूर्ण कार्यालयो में आपूर्ति बाधित न हो इसके लिए वैकल्पिक व्यवस्था कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंनेभूतपूर्व सैनिक कल्याण निगम, जिला सैनिक कल्याण अधिकारियों से ऐसे भूतपूर्व सैनिकों की सूची मंगाने के निर्देश दिए है, जिन्हें उपकेंद्रों में एसएसओ के रूप में तैनात किया जा सके। इसके अलावा पालीटेक्निक विद्युत ट्रेड में प्रशिक्षित अभ्यर्थियों के अलावा पारेषण लाइनों तथा वितरण लाइनों की पेट्रोलिंग के लिए होमगार्डस, सिविल डिफेंस, ग्रामीण सुरक्षा समितियों तथा ग्रामीण चौकीदार से सहयोग मांगने को कहा है। इसके साथ ही उन्होंने किसी भी तरह जुलूस, प्रदर्शन, कार्य व्यवधान और विद्युत आपूर्ति में बाधक बनने वालों की वीडियोग्राफी की जाए। उनके खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

# चीन में मुस्लिमों की दुर्दशा पर कब आवाज उठाएंगे ईरान-सऊदी

## संपादकीय

### ड्रोन से छद्म युद्ध

जिस पाकिस्तान का जन्म ही भारत के प्रति दुश्मनी से हुआ है, उससे हर दौर में घात-प्रतिघात के प्रति हमें सचेत रहना होगा। केंद्र में मजबूत सरकार आने के बाद जब सीमाओं पर सुरक्षा बलों की चौकस उपस्थिति है और रक्षाबलों-सेना को फैसले लेने की आजादी मिली है, तो पाकिस्तानी घुसपैठ पर भी अंकुश लगा है। दशकों से की जा रही घुसपैठ के रुकने से बौखलाए पाक के सत्ता प्रतिष्ठानों व खुफिया एजेंसियों ने ड्रोन के जरिये छद्म घात शुरू किया है। जम्मू-कश्मीर व पंजाब में निरंतर नशीले पदार्थों की आपूर्ति व लगातार बरामद होती खेपें इस संकट को बता रही हैं। निस्संदेह यह बड़ा अंतर्राष्ट्रीय षड्यंत्र है कि अफगानिस्तान से निकलने वाली नशे की खेपें हवाई, सड़क व समुद्री मार्ग से भारत भेजी जा रही हैं ताकि युवा पीढ़ी को पथभ्रष्ट किया जा सके। वहीं आतंकी व कट्टरपंथी संगठनों के लिये आर्थिक संसाधन जुटाये जा सकें। पिछले दिनों राजौरी में नियंत्रण रेखा के पास एक गांव से नशीले पदार्थों और हथियारों की बरामदगी पाकिस्तान से ड्रोन के जरिये अंजाम दिये जा रहे नार्को-आतंकवाद की ओर इशारा करती है। कमोबेश इसी तरह पंजाब की सीमा पर भी अत्याधुनिक हथियारों व नशे की खेप ड्रोन के जरिये गिराने के भी तमाम मामले विगत में प्रकाश में आते रहे हैं। निस्संदेह, यह एक सुनियोजित खतरनाक साजिश है जिसमें चीन में निर्मित ड्रोनों के प्रयोग की बात भी सामने आती रही है। ऐसे में यह स्थिति सुरक्षा बलों के लिये बड़ी चुनौती पैदा कर रही है क्योंकि तकनीक के जरिये लड़े जा रहे छद्म युद्ध का मुकाबला अत्याधुनिक तकनीक के जरिये ही किया जा सकता है। यह भी एक हकीकत है कि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में ड्रोन की सहज उपलब्धता तथा सुरक्षा बलों की ओर से रात्रि व खराब मौसम में उन पर नजर रख पाने में मुश्किल के चलते यह चुनौती जटिल होती जा रही है।

निस्संदेह, थल सीमा पर सुरक्षा बलों की सजगता-सतर्कता से आतंकवादियों व पाक पोषित नशा तस्करों की थल मार्ग से घुसपैठ मुश्किल हुई है। लगातार मार गिराये और खदेड़े गये ड्रोनों की संख्या बताती है कि यह साजिश किस पैमाने पर हो रही है। साथ ही यह भी कि भारत के खिलाफ सीमापार बैठे लोगों के खतरनाक इरादे किस हद तक जा पहुंचे हैं। निस्संदेह, भौगोलिक जटिलता के चलते पूरी थल सीमा की निगरानी कर पाना असंभव जैसा ही है। इसके बावजूद भारत को काउंटर ड्रोन तकनीकों को प्रयोग में लाकर आतंकवादियों व नशा तस्करों के मंसूबों पर पानी फेरना होगा। साथ ही देश के भीतर की उन काली भेड़ों पर भी नजर रखनी होगी, जो पाक में बैठे आकाओं के इशारों पर हथियारों व नशे के अवैध कारोबार में मददगार बने हुए हैं। देश में ड्रोन तकनीक के उपयोग व विस्तार के लिये बड़ी पूंजी के निवेश की जरूरत भी महसूस की जा रही है। निस्संदेह,ड्रोन के जरिये लगातार बढ़ती घुसपैठ व तस्करी से निपटने के लिये किसी भी स्तर पर उदासीनता घातक साबित हो सकती है। आज पूरी दुनिया में युद्ध शैली में बड़ा बदलाव आया है। हाल में ईरान में बने ड्रोनों ने यूक्रेन में कहर बरपाया है। इस समस्या से निपटने के लिये देश में युद्ध स्तर पर ड्रोन तकनीक में शोध व अनुसंधान को बढ़ावा देने की जरूरत है। उस हद तक कि देश के युवाओं में ड्रोन निर्माण व शोध के लिये एक नया जुनून पैदा हो सके। यह वक्त की जरूरत भी है कि अपनी सीमाओं को अक्षुण्ण बनाये रखा जाये। यह इसीलिये भी जरूरी है कि पड़ोसी मुल्क चीन ने पिछले दिनों अपने रक्षा खर्च में अप्रत्याशित बढ़ोतरी की है। पिछले दिनों लद्दाख व एलएसी पर संदिग्ध गतिविधियां उसके खतरनाक मंसूबों की ओर इशारा कर रही हैं। जिसको लेकर हमें सतर्क रहना होगा। हमें उन्नत राडार, रेडियो फ्रीक्वेंसी एनालाइजर, ध्वनिक सेंसर या ऑप्टिकल सेंसर जैसे अत्याधुनिक ड्रोन निगरानी तंत्र की बहाली तुरंत करनी होगी। यह सुखद है कि जे एंड के व पंजाब के विभिन्न सेक्टरों में तैनात स्वदेशी एंटी-ड्रोन जैमर व स्पूफर्स के परीक्षण सकारात्मक रहे हैं।

### संसद में गतिरोध




संसद के बजट सत्र के दूसरे चरण के पहले दिन कार्यवाही कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के लंदन में दिए गए बयान के विरोध में बने गतिरोध की भेंट चढ़ गई। सत्ता पक्ष के सदस्यों ने संसद के दोनों सदनों में राहुल पर विदेशी धरती पर देश को अपमानित करने का आरोप लगाते हुए जोरदार हंगामा किया और मांग की कि राहुल देश से माफी मांगें। विपक्ष ने भी हंगामा करते हुए अडाणी मामले को संसद की संयुक्त संसदीय समिति को सौंपे जाने की अपनी मांग जारी रखी। विपक्ष का कहना है कि राहुल से माफी की मांग को लेकर हंगामा करके सत्ता पक्ष अडाणी मामले से ध्यान भटकाना चाहता है। बाद में दोनों सदनों की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। मंगलवार को भी दोनों सदनों में स्थिति हंगामेदार रहने की संभावना है क्योंकि सत्ता पक्ष और विपक्ष, दोनों अपनी मांग मनवाने पर आमादा हैं। सत्ता पक्ष का कहना है कि लंदन में राहुल ने यह कहकर देश को बदनाम किया है कि भारत में लोकतंत्र पूरी ठप हो गया है। सत्ता पक्ष का कहना है कि लोकतंत्र तब खतरे में आया था, जब इन्हीं नेता ने मीडिया के सामने एक अध्यादेश को फाड़ डाला था। प्रधानमंत्री की स्थिति को चुनौती दी थी। दूसरी तरफ विपक्ष भी सत्ता पक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुए आक्रामक है। कांग्रेस का कहना है कि प्रधानमंत्री तानाशाह की तरह देश को चला रहे हैं। संभवत- यह पहली बार है जब सत्ता पक्ष ने ही संसद की कार्यवाही में इस तरह व्यवधान डाला। राहुल पहले भी विदेश की धरती पर ऐसी बातें बोल चुके हैं। उनका यह आचरण किसी भी दृष्टि से उचित नहीं ठहराया जा सकता। विदेशी मीडिया में इस तरह से बोल कर शायद वह अपने आरोपों को दमदार बनाना चाहते हों। भारत में मीडिया को भेदभाव बरतने वाला कहना चाहते हों जबकि स्थिति इतनी निराशापूर्ण नहीं है। दरअसल, समस्या देश में मजबूत विपक्ष न होने की है। इसके चलते बड़े बहुमत से सत्तारूढ़ पक्ष का व्यवहार निरंकुश और मनमानी करने वाला प्रतीत होने लगता है। विपक्ष को जब लगता है कि उसके विरोध पर ध्यान नहीं दिया जा रहा तो वह अपनी आवाज दबाए जाने का आरोप लगाने लगता है। आज विपक्ष न केवल बिखरा हुआ है, बल्कि उसकी आवाज में भी कोई दमदारी नहीं होती। पलाप करने जैसा कुछ लगता है। सच तो यह है कि विपक्ष को अपनी एकता और मजबूती के लिए एकजुट होना चाहिए तभी उसकी बात को दमदारी से सुना जा सकेगा।

## सूक्ति

गरीबी दैवी अभिशाप नहीं बल्कि मानवरचित षडयत्र है।
– महात्मा गाँधी

बिना जोश के आज तक कोई भी महान कार्य नहीं हुआ।
– सुभाष चंद्र बोस

## चिंतन-मनन

### परमात्मा का दिव्य उपहार है जीवन

मानव जीवन परमात्मा का दिव्य उपहार है। जिंदगी को जीना सीखें। कुछ लोग जिंदगी को जीते हैं, कुछ लोग काटते हैं। जिसको जीना और जाना आ गया वह जीवन में सफल हो गया। हे मनुष्य एक दिन भी जी, अटल विश्वास बनकर जी। ब्राह्मो मुहूर्ते बुध्येत, धर्मार्थौ चातुचिन्तयेत? अर्थात? व्यक्ति ब्रह्म मुहूर्त में जागे और धर्म एवं अर्थ के विषय में चिंतन करें। शास्त्रकारों ने यह कभी नहीं कहा कि व्यक्ति अर्थोपार्जन न करे। वह अर्थोपार्जन करे किंतु धर्मपूर्वक, अधर्मपूर्वक नहीं।

हमें न तो आध्यात्मिकता की उपेक्षा करनी है न भौतिक सुख सुविधाओं की है। ब्रह्म मुहूर्त में व्यक्ति जितना अच्छा चिंतन कर सकता है उतना दूसरे समय में नहीं। स्वास्थ्य की दृष्टि से भी यह सर्वोत्तम समय है। बिल कोस्बो ने इस संदर्भ में कहा है कि मुझे नहीं मालूम कि कामयाबी पाने की पुंजी क्या है, पर हर आदमी को खुश करने की कोशिश करना ही नाकामयाबी की पुंजी है।

जीवन में यदि आप सफल होना चाहते हैं तो प्रसन्न रहने की आदत डालिए, क्योंकि सफलता और प्रसन्नता का चोली दामन का साथ है। हम जो चाहें हमारे जीवन का जो लक्ष्य हो उसे पा लें यह सफलता है और जब मन चाहे लक्ष्य को पा लेंगे तो स्वभावत- प्रसन्नता का अनुभव करेंगे। हम जिंदगी को काटे नहीं, सच्चे अर्थों में जीएं। हम निरंतर परिश्रम करें। जॉन एच रोटस ने अपने संदेश में कहा है- सिर्फ जिंदगी न गुजारो-जीओ, सिर्फ छुओ नहीं महसूस करो, सिर्फ देखो नहीं गौर करो, सिर्फ पढ़ो नहीं जीवन में उतारो।

हमारा जीवन बहिर्मुखी न होकर अंतर्मुखी होना चाहिए। उसमें उथलापन नहीं, आडंबर नहीं, गंभीरता होनी चाहिए। हमारे आदर्श ऊंचे होने चाहिए और विचार सात्विक। बाहरी साज-सज्जा, शरीर की चमक दमक से कोई व्यक्ति न तो महान बन सकता है, न ही सफलता उसके चरण चूमती है।

---




आर.के. सिन्हा

बताया जा रहा है कि एक-दूसरे के धुर विरोधी रहे सऊदी अरब और ईरान ने अपनी सारी पुरानी अदावत को भूलकर दोस्ती करने का फैसला किया है। इन दोनों देशों को करीबी लाने का श्रेय अब हैरानी की बात यह है कि चीन को दिया जा रहा है। दरअसल सऊदी अरब में एक शिया मौलवी को 2016 में फांसी की सजा दी गई थी और इसी मुद्दे पर 2016 में सऊदी अरब और ईरान के कूटनीतिक संबंध खत्म हो गए थे। तब से ये दोनों देश एक-दूसरे के जानी दुश्मन बन गए थे। सऊदी अरब खुद को सरी दुनिया के सुन्नी मुसलमानों का रहनुमा मानता है और ईरान अपने को शिया मुसलमानों का। ऐसे में इन दोनों के कूटनीतिक रिश्ते बहाल करने के फैसले से सारी दुनिया कुछ हैरान तो अवश्य है।

आप जानते हैं कि दोनों ही देश तेल उत्पादक देश हैं। दोनों ही देश अपने व्यवसायिक दिलचस्पी के वर्चस्व की लड़ाई लड़ते हैं पर यहां एक जरूरी चिंता को नजरअंदाज किया जा रहा है। क्या सऊदी अरब तथा ईरान ने चीन से यह पूछने की हिमाकत करेंगे कि उनके देश चीन में मुसलमानों पर भीषण अत्याचार क्यों हो रहे हैं? वे कब थमेंगे? चीन ने अपने मुस्लिम बहुल शिनजियांग प्रांत में रहने वाले मुसलमानों को पूरी तरह से कसा हुआ है। उन्हें खान-पान के स्तर पर वह सब कुछ करना पड़ा रहा है, जो उनके इस्लाम धर्म में पूर्ण रूप से निषेध है। ये सब कुछ चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के इशारों पर हो रहा है।

> भारत के सऊदी अरब और ईरान से घनिष्ठ संबंध हैं। भारत इन दोनों देशों से खासतौर पर कच्चा तेल आयात करता है। चीन से जटिल सीमा विवाद होने के बावजूद भारत का उससे भी व्यापारिक संबंध मजबूत हो रहा है। भारत-चीन आपसी व्यापार तेजी से बढ़ता ही जा रहा है। भारत की तो चाहत रही है संसार में तमाम देश मिल-जुलकर ही रहें। इसलिए भारत तो ईरान और सऊदी अरब के बीच संबंधों की नई इबारत लिखे जाने से प्रसन्न ही होगा। हां, पर यह सवाल तो अपनी जगह खड़ा है कि ईरान-सऊदी अरब क्यों नहीं चीन से उसके देश में मुसलमानों पर हो रहे अन्याय के खिलाफ विरोध दर्ज करते?

पहले तो ये भी खबरें आ रही थीं कि चीन अपने देश के मुसलमानों को रमजान के दौरान रोजा रखने की भी अनुमति नहीं देता। इस सबके बावजूद ईरान, सऊदी अरब तथा इस्लामी दुनिया चीन में मुसलमानों पर हो रहे अत्याचारों पर चुप है। याद नहीं आता कि इन्होंने चीन में मुसलमानों पर हो रही ज्यादतियों पर एक शब्द भी विरोध का दर्ज नहीं किया है। एक रिपोर्ट के अनुसार, चीन के शिनजियांग प्रांत में बने शिविरों में दस लाख से अधिक चीनी मुसलमानों के साथ लगातार जुल्म हो रहा है। सब इसलिए हो रहा है ताकि चीनी मुसलमान इस्लाम को छोड़कर कम्युनिस्ट विचारधारा को अपना लें। वे इस्लाम से दूर हो जाएं। पर समूचा इस्लामी संसार चीन के इस अत्याचार पर चुप है। यही नहीं, इस्लामिक देशों के संगठन ऑर्गेनाइजेशन ऑफ इस्लामिक कांफ्रेंस (ओआईसी) की तरफ से भी चीन को ओआईसी के विदेश मंत्रियों के सम्मेलन में मेहमान शिरकत करने की दावत दी जाती है।

ये निश्चय ही शोध का एक गंभीर विषय है कि चीनी दमन पर इस्लामिक संसार ने आंखों में पट्टी और कानों में रूई क्यों डाल रखी है? चीन अपनी इस सारी कवायद पर भारी-भरकम निवेश कर रहा है। वो मानता है कि ये शिविर एक प्रकार से मानसिक अस्पताल ही हैं। इनमें वैचारिक रोग (आइडीअलाजिकल इलनेस) का इलाज होता है।

चीन का मत है कि ये शारीरिक रोग जैसी ही स्थिति है। शिनजियांग को चीन का क्षेत्रफल की दृष्टि से सबसे बड़ा प्रांत माना जाता है। ये एक लाख 66 हजार वर्ग मील में फैला है। आप समझ सकते हैं कि यह कितना विशाल हैं। इसकी भी आबादी सवा दो करोड़ के आसपास है। दरअसल शिनजियांग में चीनी सरकार और यहां के वीगर मुसलमानों के लंबे समय से तनातानी चली आ रही है। वीगर मुसलमान भी भारत के कट्टर इस्लामपंथियों की तरह अपने को मध्य एशियाई देशों के करीब मानते हैं। ये सांस्कृतिक स्तर पर अपने को चीन के करीब नहीं मान पाते। शिनजियांग पर कम्युनिस्ट चीन ने 1949 में पूरी तरह से कब्जा जमा लिया था। चीनी मुसलमानों की चीन सरकार से लगातार यह शिकायत रही है कि वे उनके बहुल वाले क्षेत्रों में चीनी मूल के नागरिकों, जिन्हें हान चाइनीज भी कहते हैं, को बसाने की चेष्टा कर रही है। जिसके चलते उनके समक्ष अपने ही क्षेत्र में अल्पसंख्यक होने का संकट पैदा हो गया है।


अब इसी मुद्दे पर पड़ोसी पाकिस्तानी की राय भी जान लीजिए। पाकिस्तान, फलीस्तीन से लेकर रोहिंग्या मुसलमानों के हक में बोलता है, पर वह चीनी के मुसलमानों के मामले में मौन हो जाता है। उसे लगता है कि चीन से पंगा लेना खतरे से खाली नहीं होगा। चीन का नाम सुनते ही पाकिस्तान के उदारवादी तथा कट्टरपंथी अपनी बिलों में छिप जाते हैं। पाकिस्तान में इमरान खान ने देश का प्रधानमंत्री बनने के बाद कहा था कि उनका देश चीन के साथ मधुर संबंधों को बनाकर रखना चाहते हैं। उनकी पाकिस्तान तहरीके इंसाफ पार्टी (पीटीआई) ने एक बार अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल से ट्वीट कर कहा, 'हम चीन के साथ अपने संबंधों को मजबूत करेंगे और उन्हें सुधारेंगे। हम चीन से गरीबी उन्मूलन सीखने के लिए अपने अधिकारियों की टीम भेजना चाहते हैं ताकि वे सीख सकें कि गरीबी को कैसे खत्म किया जा सकता है।' अफसोस कि इमरान खान और उनकी पार्टी चीन में मुसलमानों के ऊपर होने वाले जुल्मों-सितम पर चुप ही रहती है।

कुछ वर्ष पहले चीन के दबाव में पाकिस्तान के तब के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी अपनी चीन यात्रा के दौरान बीजिंग या शिंघाई जैसे अहम शहरों में न जाकर सिर्फ मुस्लिम बहुल इलाकों में ही गए थे। उन्होंने वहां के मुस्लिम बहुल शिनजियांगप्रांत में ही स्थानीय मुसलमानों के साथईद भी मनाई। दरअसल वो चीन के दबाव के कारण ही मुस्लिम कट्टरवाद से प्रभावित शिनजियांग प्रांत गए थे। अब पाकिस्तान में मिली जुली सरकार है और उसके विदेश मंत्री जरदारी के पुत्र बिलावल भुट्टो हैं। उनके मुंह में भी चीन का जिक्र आते ही दही जम जाता है। चीन यह भी कहता रहा है कि उनके यहां चरमपंथी मुसलमानों को पाकिस्तान के आतंकी प्रशिक्षण शिविरों में ही ट्रेनिंग मिलती रही है। चीन का आरोप है कि शिनजियांग प्रांत में पाकिस्तान में प्रशिक्षित ईस्ट तुर्किस्तान इस्लामिक मूवमेंट (ईटीआईएम) के आतंकवादी हिंसा के लिए जिम्मेदार रहे हैं।

बहरहाल, भारत के सऊदी अरब और ईरान से घनिष्ठ संबंध हैं। भारत इन दोनों देशों से खासतौर पर कच्चा तेल आयात करता है। चीन से जटिल सीमा विवाद होने के बावजूद भारत का उससे भी व्यापारिक संबंध मजबूत हो रहा है। भारत-चीन आपसी व्यापार तेजी से बढ़ता ही जा रहा है। भारत की तो चाहत रही है संसार में तमाम देश मिल-जुलकर ही रहें। इसलिए भारत तो ईरान और सऊदी अरब के बीच संबंधों की नई इबारत लिखे जाने से प्रसन्न ही होगा। हां, पर यह सवाल तो अपनी जगह खड़ा है कि ईरान-सऊदी अरब क्यों नहीं चीन से उसके देश में मुसलमानों पर हो रहे अन्याय के खिलाफ विरोध दर्ज करते?

## विचार-मंथन

### ब्रिटेन में 21000 प्रवासी भारतीय बेरोजगार



सनत जैन




ब्रिटेन में 21000 से अधिक प्रवासी भारतीय बेरोजगार हैं। जब से ऋषि सुनक ब्रिटिश सरकार के प्रधानमंत्री बने हैं। उसके बाद से अवैध प्रवासियों पर अंकुश लगाने के लिए, ब्रिटेन की सरकार ने कड़ी नीतियां जारी की हैं। उसका असर अब वैध रूप से ब्रिटेन में रहने वाले भारतीयों पर भी पड़ रहा है। ब्रिटेन के गृह मंत्रालय ने पिछले 4 सालों में साढ़े चार लाख से ज्यादा आवेदन में से 63000 प्रवासियों को विभिन्न विभाग में नौकरी के आवेदनो को निरस्त किया है। इसमें 21000 से ज्यादा भारतीय प्रवासी भी शामिल हैं। जो अवैध रूप से ब्रिटेन में गए हुए हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सरकारी विभागों में नस्ली एवं रंगभेद के कारण भारतीयों को नौकरी नहीं मिली है। उल्लेखनीय है, ब्रिटेन में रंगभेद के कारण दस्तावेज प्रथम दृष्टि में ही खारिज कर दिए जाते हैं। जब से सुनक प्रधानमंत्री बने हैं। उसके बाद इस पर और भी कड़ाई हो गई है। पिछले वर्षों में वैध रूप से गए भारतीयों को भी बैंक में खाता खोलने, हेल्थ केयर की सुविधाएं लेने और यात्रा करने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे बड़े आश्चर्य की बात है, कि गृहमंत्री सुएला ब्रेवरमेन ने प्रधानमंत्री सुनक की कड़ी नीतियों का समर्थन किया है। जिसके कारण वैध प्रवासी भारतीयों को भी बड़ी मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। ब्रिटेन की सरकार अवैध रूप से आए हुए प्रवासियों को देश से बाहर भेजना चाहती है। लेकिन जो भारतीय वैध रूप से ब्रिटेन में रह रहे हैं। उनके साथ भी भेदभाव किया जा रहा है। ब्रिटेन सरकार की एक रिपोर्ट में यह स्वीकार भी किया गया है। भारत से आने वाले प्रवासियों के साथ भेदभाव हो रहा है। वैध और अवैध रूप से भारतीय प्रवासियों के बारे में चिन्हित करने के लिए जो नीतियां बनाई गई हैं। वह काफी दोषपूर्ण हैं। जिसका खामियाजा भारतवंशियों को भुगतना पड़ रहा है।

ब्रिटेन में भारत सहित अन्य देशों के लोगों द्वारा बड़ी संख्या में शरण मांगने के आवेदन, ब्रिटेन की सरकार को मिल रहे हैं। ब्रिटेन सरकार इस तरह के आवेदन को खारिज कर रही है। वैध रूप से प्रवासी भारतीयों के आवेदनों को भी अवैध की तरह मानते हुए निर्णय किया जा रहा है। जबकि यूक्रेन से आए हुए लगभग 3,00,000 लोगों को ब्रिटेन ने हाल ही में शरण दी है। ब्रिटेन में भारतवंशी प्रधानमंत्री और गृहमंत्री के होते हुए भारतवंशियों के साथ जो व्यवहार हो रहा है। उसके कारण भारतीय प्रवासियों में नाराजगी देखी जा रही है। इस संबंध में भारत सरकार को ब्रिटेन से बात करनी चाहिए। पिछले वर्षों में 21000 वैध भारतीय बेरोजगारी के शिकार होकर,यहां से वहां भटक रहे हैं। यह कोई छोटी-मोटी बात नहीं है। भारत सरकार को इस दिशा में विशेष पहल करने की जरूरत है।

## यौन शिक्षा

### समाज की सोच में आ रहा बदलाव




सुशील देव

भारत में यौन शिक्षा को लेकर अभी भी चर्चा रहस्यमयी या मायावी बनी हुई है। कोई भी इस विषय पर खुलकर चर्चा नहीं करना चाहता जबकि यह मसला सामाजिक तौर पर बेहद गंभीर है।

विश्व की कई संस्थाएं इसे समाज के लिए अग्रणी मुददों में गिनती हैं। यूनेस्को के मुताबिक 39 फीसदी देशों के पास अभी यौन शिक्षा को लेकर राष्ट्रीय नीति बनी हुई है, वहीं दुनिया के मात्र 20 फीसदी देशों में यौन शिक्षा पर कानून है। चौंकाने वाली बात यह है कि जिस सेक्स एजुकेशन यानी यौन शिक्षा को लेकर लोग आपस में खुलकर बात नहीं करना चाहते, उसी यौन शिक्षा पर दुनिया के कुछ देशों में कानून भी लागू हो चुका है। यह कानून यौन शिक्षा के प्रति वहां जागरूकता का संदेश दे रहा है।

यूनेस्को की एक रिपोर्ट के मुताबिक मात्र 20 फीसदी देशों में यह कानून लागू है जबकि 39 फीसदी देशों के पास इस शिक्षा को लेकर राष्ट्रीय नीति तैयार हो चुकी है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि प्राथमिक शिक्षा में यौन शिक्षा 68 फीसदी देशों और माध्यमिक शिक्षा में 76 देशों में अनिवार्य हो गई है जबकि ज्यादातर देशों में यौन और घरेलू व्यवहार तथा लैंगिक हिंसा जैसे विषय शामिल हैं।

भारत की बात करें तो कुछ आंशिक पहल को छोड़कर यहां अभी इस मसले पर कोई ठोस नीति या कानून नहीं बन पाया है। दो तिहाई गर्भनिरोधक मुद्दे को स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल किया जाना अच्छा कदम माना जा सकता है। मगर खुलकर इसकी पैरवी सरकारी स्तर पर अभी भी नहीं हो पाई है। पाठयक्रम के अंर्तगत विस्तृत कामुकता शिक्षा, कामुकता के ज्ञान, भावनात्मक, शारीरिक और सामाजिक पहलुओं के बारे में पढ़ाने अथवा सीखने का पाठ्यक्रम शामिल है। इसका मकसद बच्चों में ज्ञान, दृष्टिकोण और मूल्यों को समझाना है। यह उनके स्वास्थ्य, सम्मान और कल्याण का अहसास कराने के लिए उन्हें सशक्त बनाएगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि कामुकता मानव जीवन का अभिन्न अंग है। हालांकि रिश्ते और सेक्स के बारे में युवाओं को वैज्ञानिकता के साथ विकसित करना थोड़ा मुश्किल है। मगर यह भी सच्चाई है कि भ्रमित करने वाली जानकारी या संदेश बचपन से वयस्क होने तक उनके जीवन मूल्यों को और सहज बना देते हैं। बचपन में घरों के अंदर मां-बाप या बुजुगरे के माध्यम से इस शिक्षा की नींव पड़नी चाहिए। फिर स्कूलों में शिक्षकों या गुरुजनों के माध्यम से यौन शिक्षा आधारित यौन शिक्षा ज्ञान का प्रसार होना चाहिए। हालांकि हमारे देश में ऐसे विचारों को लेकर विरोध भी हुए हैं। बुद्धिजीवियों का एक वर्ग इसकी आलोचना करता है, और कहता है कि भारतीय सभ्यता-संस्कृति के लिए यह उपयुक्त नहीं है।

सनद रहे कि 2007 में हालांकि भारत सरकार ने किशोर शिक्षा कार्यक्रम की शुरु आत की थी। मगर तब भी अंतरंग संबंधों के बारे में खुलकर बातचीत नहीं हुई। स्थिति यह है कि आज भी हम बगैर शर्म या हिंचक के 'सेक्स' शब्द भी बोल नहीं सकते। मगर युवाओं में उनके शरीर में होने वाले परिवर्तनों की जानकारी के लिए भी यह शिक्षा जरूरी है। इसकी पैरवी करने वाले, विरोध करने वालों से ज्यादा हैं। आज लड़कियों के मासिक धर्मचक्र के बारे में उन्हें समझाने की जरूरत है। सेक्स के बारे में जागरूकता इसलिए भी जरूरी है कि गर्भधारण के समय एचआईवी, एड्स जैसी बीमारियों से कैसे बचाव किया जाए, उन्हें पता होनी चाहिए या उन्हें निरोधक सामग्री खरीदने में शर्म महसूस न हो, इसलिए भी यह शिक्षा जरूरी है।

विशेषज्ञों के मुताबिक रेप या जबरदस्ती वाले शारीरिक संबंधों को समाप्त करने के लिए इस शिक्षा को महत्त्वपूर्ण माना गया है। महिला एवं बाल विकास विभाग के अध्ययन के मुताबिक ज्यादातर बच्चे आज इस तरह की शिक्षा के अभाव में यौन उत्पीड़न के शिकार हो रहे हैं। समाज में यौन उत्पीड़न के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। यौन अपराध बढ़ रहे हैं। भारत में आज भी यौन शिक्षा को लेकर खुलकर चर्चा नहीं हो रही है। इसे सार्वजनिक बोलचाल में आज भी भारी झिझक एवं बेचैनी के साथ प्रस्तुत किया जाता है। विरोध में तर्क है कि कामुकता के बारे में शिक्षा निजी मामला है, और यह भारतीय संस्कृति के खिलाफ जाती है। यह किशोरों को अनैतिकता और स्वच्छता की ओर ले जाती है, इसलिए सरकार को किसी भी रूप में इस शिक्षा को बढ़ावा दिए जाने का सुझाव नहीं दिया गया।

हालांकि भारत की हालिया नई शिक्षा नीति में इसे लेकर कुछ मामूली तब्दीली जरूर हुई है। इससे हमारे समाज का कितना भला होगा, कहना मुश्किल है। लेकिन हम दावे के साथ कह सकते हैं कि हमारी सामाजिक सोच के स्तर में भी इस विषय को लेकर बदलाव आया है, और बात 'गुड टच और बैड टच' से आगे निकली है। इससे हमारे देश के बच्चों में यौन शिक्षा के प्रति जागरूकता आएगी और हमारे युवाओं की सोच में बदलाव आएगा। जाहिर है कि इससे देश भी बदलेगा।

स्वामी/मुद्रक/प्रकाशक मनोज कुमार कश्यप ने यूरेशिया प्रिंटिंग प्रेस 270 फूल बाग कॉलोनी सूरज कुंड रोड मेरठ से छपवाकर, 277 नारंगपुर, थाना परीक्षितगढ, जिला मेरठ से प्रकाशित किया (संपादक मनोज कुमार) किसी भी विवाद के लिए न्याय क्षेत्र मेरठ होगा

# रजा लाइब्रेरी के सौंदर्यीकरण व रामपुर में पर्यटन को बढ़ावा मिल सकेः आकाश सक्सेना

**रामपुर।** जौहर प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान के खाली होने के बाद शहर विधायक आकाश सक्सेना ने जिलाधिकारी से बिल्डिंग का उपयोग शोध संबंधी कार्यों के लिए करने की मांग की है। साथ ही उन्होंने कहा है कि शेष जमीन पर किला परिसर स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान व राजकीय खुर्शीद कन्या इंटर कालेज को शिफ्ट कराया जाए, ताकि रजा लाइब्रेरी के सौंदर्यीकरण व रामपुर में पर्यटन को बढ़ावा मिल सके। समाजवादी पार्टी की सरकार में जौहर प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान की बिल्डिंग मोहम्मद अली जौहर ट्रस्ट को सौ रुपये के वार्षिक शुल्क पर 33 साल के लिए लीज पर दी गई थी। लेकिन बाद में शोध संस्थान के भवन में रामपुर पब्लिक स्कूल के नाम से विद्यालय का संचालन शुरू करा दिया गया था, जो लीज की शर्तों का उल्लंघन था। इसी के चलते पिछले दिनों लखनऊ में हुई कैबिनेट की बैठक में शर्तों के उल्लंघन के आधार पर लीज निरस्त कर दी थी। इसके बाद अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की निदेशक ने जौहर प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान की जमीन और भवन पर सरकारी कब्जा लेने का आदेश किया था। जिस पर डीएम ने अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) की अध्यक्षता चार सदस्यीय कमेटी का गठन कर दिया था। इस मामले में जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी की ओर से जौहर ट्रस्ट को नोटिस जारी कर 15 दिन के अंदर बिल्डिंग को खाली करने का निर्देश दिया गया था।



प्रशासन ने जौहर प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान की बिल्डिंग को खाली करा लिया था। बुधवार को शहर विधायक आकाश सक्सेना ने इस संबंध में जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मांदड़ को पत्र भेजा है। जिसमें कहा गया है कि अब इस भवन में शोध संस्थान ही संचालित किया जाए। इसके साथ ही यदि कुछ बिल्डिंग खाली रह जाती है, तो उसमें राजकीय आईटीआई और राजकीय खुर्शीद कन्या इंटर कालेज को शिफ्ट किया जाए। इससे दो फायदे होंगे एक तो किला परिसर में सौंदर्यीकरण कराने और पर्यटन की दृष्टि से विकसित कराने के लिए व्यापक स्थान मिल सकेगा। वहीं, दोनों ही संस्थानों को नए भवन मिल जाएंगे।

## रामपुर पब्लिक स्कूल के बच्चों के भविष्य की चिंता हमारी

रामपुर। भाजपा के शहर विधायक आकाश सक्सेना ने बच्चों के भविष्य को लेकर कहा है कि रामपुर पब्लिक स्कूल में पढ़ रहे बच्चे परेशान न हों। उनके सुरक्षित भविष्य की चिंता हमारी है। उन्होंने कहा है कि सपा नेता आजम खां ने एक षड़यंत्र के तहत रामपुर पब्लिक स्कूल के बच्चों को सामने किया है। कहा कि आप लोग सोचिए कि क्या किसी भवन का गलत तरीके से हथियाने के बाद उसमें निजी शिक्षण संस्थाएं संचालित होनी चाहिए, लेकिन आजम खां को यह अच्छी तरह से पता था कि रामपुर की गरीब जनता को वह आसानी से अपने जाल में फंसा लेंगे और अपने स्वार्थ को सिद्ध कर लेंगे। उन्हें पता था कि बच्चे स्कूल में पढेंगे, तो कोई भी सरकार उनसे यह भवन खाली नहीं करा सकती। आजम खां ने एक सोची समझी साजिश के तहत अपनी सियासी जमीन को बचाने और काले कारनामों को छुपाने के लिए आज मासूम बच्चों को सड़कों पर उतार दिया। उन्होंने कहा कि हम जानते हैं कि बच्चों का भविष्य खराब नहीं होना चाहिए और इसके लिए जो भी संभव होगा वह कदम उठाया जाएगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि एक भी बच्चे के भविष्य पर भाजपा सरकार आंच नहीं आने देगी।

# कोटेदारों ने बैठक कर राष्ट्रव्यापी धरना प्रदर्शन को सफल बनाने की रणनीति गौतम प्रसाद



**देवरिया,** भाटपार रानी ब्लाक के कोटेदारों की बैठक बेलपार पंडित स्थित विश्वकर्मा मंदिर में जुझारू ब्लॉक अध्यक्ष गौतम प्रसाद की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि कोटेदार संघ के जिलाध्यक्ष विश्वजीत मणि त्रिपाठी ने कहा कि 22 मार्च को दिल्ली के जंतर मंतर पर विभिन्न मांगों को लेकर कोटेदारों का राष्ट्रव्यापी धरना प्रदर्शन सुनिश्चित किया गया है।

जिसे सफल बनाने के लिए आप सभी पूरे मनोयोग से लग जाएं। ब्लॉक अध्यक्ष गौतम प्रसाद ने कहा कि दिल्ली में आयोजित धरना प्रदर्शन में भाटपार रानी तहसील से भारी संख्या में कोटेदार शिरकत करेंगे।

बैठक में प्रमुख रूप से परशुराम कुशवाहा, मुन्ना सिंह, केशव सिंह, अजीत यादव, अफरोज आलम, रंजन पांडेय, जयप्रकाश यादव, पंचदेव यादव, राजेश गुप्ता, सत्य प्रकाश सिंह, विरजानंद, राधा कृष्ण, अमित, राजू दुबे, विशाल, उदय चंद, चंदन गुप्ता, सिंधु देवी, रमेश यादव, मुन्नीलाल ठाकुर, मुन्नीलाल प्रसाद प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# सुचितापूर्ण एवं नकल विहीन शांतिपूर्ण बोर्ड परीक्षा संपन्न होने पर की गई प्रगति समीक्षा

**प्रतापगढ़।** माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज द्वारा संचालित बोर्ड परीक्षा 2023 को सुचितापूर्ण,नकल विहीन एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के पश्चात सेंट एंथोनी इंटर कालेज में गुरुवार को जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ ओपी राय की अध्यक्षता में प्रगति समीक्षा एवं धन्यवाद प्रस्ताव बैठक आयोजित की गई।



बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक ने बोर्ड परीक्षा,आगामी मूल्यांकन कार्य,आगामी सत्र में प्रवेश को प्रवेश उत्सव,प्रोजेक्ट अलंकार योजना, कोषागार/पारिश्रमिक बिलों के पारण की प्रगति की समीक्षा किया तथा परीक्षा कार्य से जुड़े समस्त अधिकारियों, प्रधानाचार्यों, केंद्र व्यवस्थापकों, शिक्षकों, कक्ष निरीक्षकों, कर्मचारियों को धन्यवाद दिया तथा उनके कार्यों की प्रशंसा किया। लिखित उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन त्रुटि रहित एवं पारदर्शी ढंग से करने के लिए निर्देशित किये। शैक्षिक पंचांग के अनुसार शिक्षण कार्य कराने,स्कूल प्रोफाइल और स्टूडेंट प्रोफाइल,मानव संपदा की फीडिंग, कोषागार से निर्गत वेतन/परिश्रमिक आदि का समय से निस्तारण,पढ़े प्रतापगढ़ बढ़े प्रतापगढ़ को संचालित करने तथा असेसमेंट सर्वे 2023 24 को मनोयोग से संचालित करने हेतु निर्देशित किया। इस मौके पर प्रधानाचार्यों में डॉ राम आसरे तिवारी, डॉ राघवेंद्र पांडेय,गंगा प्रसाद पांडेय, रमेश चंद्र मिश्रा,अनुपम ओझा, डॉ हरिश्चंद्र श्रीवास्तव, स्कंद नारायण त्रिपाठी,महेंद्र प्रताप पाल आदि ने अपने उद्बोधन में सकुशल परीक्षा कराने हेतु धन्यवाद दिया। इस अवसर पर एसपी द्विवेदी सह जिला विद्यालय निरीक्षक,प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कालेज बरहदा डॉ विंध्याचल सिंह, प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कालेज प्रतापगढ़ राजकुमार सिंह,डॉ मोहम्मद अनीस,प्रमोद कुमार तिवारी, डॉ राघवेंद्र पांडेय, हौशिला प्रसाद प्रजापति,नरेंद्र बहादुर सिंह,गरिमा श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने किया विद्युत उप केंद्रों का निरीक्षण

## जिलाधिकारी ने जनपद वासियों को सुचारू विद्युत व्यवस्था के लिए किया आश्वस्त

**देवरिया,** जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह एवं पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने आज विभिन्न विद्युत उप-केंद्रों का निरीक्षण कर विद्युत आपूर्ति व्यवस्था का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू बनाये रखने के लिए व्यापक प्रबन्ध किये गए हैं। आमजन को किसी भी तरह की असुविधा नहीं होने दी जाएगी।



जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने आज अपराह्न डेढ़ बजे रामलीला मैदान स्थित 32/केवी उपकेंद्र का निरीक्षण किया। विद्युत उपकेंद्र पर कार्मिक कार्य करते मिले। उपकेंद्र पर मौजूद कार्मिक गौरीलाल ने जिलाधिकारी को बताया कि उनके उपकेंद्र के फीडर से विद्युत आपूर्ति में किसी भी तरह की समस्या की सूचना नहीं मिली है इसके जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने उत्तर प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन द्वारा संचालित 220/132 केवी विद्युत पारेषण उपकेंद्र कतरारी का निरीक्षण किया। यहाँ भी स्थितियां सामान्य मिली। जिलाधिकारी ने कार्य बहिष्कार, हड़ताल के दौरान जनपद में निर्बाध विद्युत आपूर्ति व्यवस्था के सफल संचालन हेतु ट्रांसफार्मर की पर्याप्त उपलब्धता एवं उसके अनुरक्षण हेतु उचित प्रबंध, विद्युत आपूर्ति से संबंधित समस्त सामग्रियों का पर्याप्त भंडारण, संवेदनशील तथा अति आवश्यक सेवाओं यथा सरकारी एवं निजी अस्पताल, पेयजल आपूर्ति, एवं अन्य अति महत्वपूर्ण क्षेत्रों में निर्बाध विद्युत आपूर्ति हेतु विशिष्ट निगरानी की व्यवस्था हेतु निर्देशित किया ।

जिलाधिकारी ने कहा कि कतिपय विद्युत कर्मचारी संगठनों द्वारा आहूत सांकेतिक हड़ताल के दृष्टिगत जनपद में बिजली आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू बनाये रखने के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। जनपद में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था सुचारू रूप से जारी है। विद्युत आपूर्ति से जुड़ी कुछ रूटीन सी शिकायतें मिली हैं, जिन्हें ठीक करा दिया गया है। जिलाधिकारी ने जनपदवासियों को सुचारू विद्युत आपूर्ति के लिए आश्वस्त किया। इस दौरान अधिशासी अभियंता वीएस त्यागी सहित विभिन्न अधिकारी एवं कार्मिक मौजूद थे।

# पेंशन बनवाने में सहयोग करने के लिए निर्देशित किया गया

**श्रावस्तीः** भूमि संरक्षण अधिकारी शिशिर कुमार वर्मा ने बताया है कि भूमि संरक्षण अधिकारी कार्यालय, श्रावस्ती में कार्यरत वरिष्ठ सहायक ग्रुप-बी विजयपाल सिंह चौहान जिनकी अधिवर्षता आयु पर 30 सितम्बर, 2011 को पूर्ण होने पर सेवानिवृत्त हो गये है। इन्हें विभिन्न पत्रों के माध्यम से व्यय की गई धनराशि के सापेक्ष अभिलेख कार्यालय में जमा करने तथा पेंशन बनवाने में सहयोग करने के लिए निर्देशित किया गया है, किन्तु आज तक परिपालन हेतु उपस्थित नहीं हुए और न ही राजकीय अभिलेखों को कार्यालय में जमा किया गया है। फलस्वरूप पेंशन की



कार्यवाही लम्बित है, जिसके लिए इनके द्वारा माननीय उच्च न्यायालय में रिट याचिका दायर की गई है। उन्होने सेवानिवृत विजयपाल सिंह चौहान को अन्तिम रूप से निर्देशित करते हुए कहा कि बिना किसी विलम्ब के सभी अभिलेखों के साथ कार्यालय में उपस्थित होकर जमा करें तथा पेंशन बनवाने में सहयोग प्रदान करें, अन्यथा की स्थिति में यह माना जायेगा कि आपको इस सन्दर्भ में कुछ नहीं कहना है तथा देयों के भुगतान न होने की सीधे जिम्मेदारी उनकी स्वयं की होगी।

# वर्ल्ड विजन इन्डिया द्वारा स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस पर गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच के लिए एक- एक परीक्षण मेंज प्रदान की गई

**जनपद बलरामपुर** तुलसीपुर तहसील के सभागार में वर्ल्ड विजन इण्डिया, बलरामपुर क्षेत्रीय विकास कार्यक्रम की ओर से ग्राम मुड़ीला, पिपराहवा एवं भंभरी के लिए ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस पर गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच के लिए एक-एक परीक्षण मेज प्रदान की गयी। यह परीक्षण मेज संबधित गांव की सी.एच.ओ., आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं आशा कार्यकर्ती, को हस्तांतरित किया गया। इस अवसर पर श्री प्रेम शंकर ( तहसीलदार तुलसीपुर), डाक्टर ब्रिजेश पाल (सी.एच.सी. तुलसीपुर), श्री अमरेन्द्र (बी.सी.पी.एम. तुलसीपुर), श्रीमती गरिमा श्रीवास्तव (सी.डी.पी.ओ. तुलसीपुर) भी उपस्थित थे। इस परीक्षण मेज को देने का उद्देश्य है कि इन गांवों में प्रसव पूर्व जांच में सुधार हो सके और लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें। कार्यक्रम में उपस्थित तहसीलदार तलसीपुर श्री प्रेम शंकर जी ने कहा कि बलरामपुर अति आकांक्षी जिलों की सूची में शामिल है जहां स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने की अति आवश्यकता है। अतः वर्ल्ड विजन इण्डिया द्वारा






दिया गया सहयोग स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनायेगा। सी.डी.पी.ओ. तुलसीपुर गरिमा श्रीवास्तव जी ने कहा कि ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस में गर्भवती महिलाओं की प्रसवपूर्व जांच में बहुत महत्वपूर्ण सहयोग मिलेगा।

इससे ग्रामीणों में स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति रुचि बढ़ेगी। इस अवसर पर वर्ल्ड विजन इण्डिया बलरामपुर ए.डी.पी. की ओर से श्रवण कुमार नायक (प्रबन्धक), और प्रकाश सेजुवाल, एवं डीपेन्द्र वोहरा उपस्थित थे।

# आत्म विश्वास जागृत करके समाज में नारिया स्थापित कर सकती हैं नया कीर्तिमानः प्रतिभा शुक्ला

## मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के 17 बच्चों को राज्य मंत्री ने वितरण किया लैपटाप, महिलाओं संग किया संवाद

**प्रतापगढ़।** मुख्यमंत्री की मंशा है कि नारियां सशक्त रहे, मिशन शक्ति के अन्तर्गत स्वावलम्बन की भावना से ओत प्रोत रहे, वह सुरक्षित रहे और उनका स्वास्थ्य बेहतर रहे। नारियों अपने आपको कभी कमजोर न समझे, महिलायें अपने काम स्वयं करें दूसरों पर निर्भर न रहे, एक आत्म विश्वास जागृत करके ही हम समाज में कुछ नया कीर्तिमान स्थापित कर सकते है।

उक्त बातें शहर स्थित साकेत महाविद्यालय में आंगनबाड़ी, स्वयं सहायता समूह व महिला ग्राम प्रधान के साथ संवाद एवं पोषण किट, लैपटॉप,पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुई सूबे की महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने उपास्थित जनों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि महिला ग्राम प्रधान अपनी जिम्मेदारी का बखूबी निर्वहन करें, महिलाओं की समस्याओं का सुनों एवं उन्हें शासन की योजनाओं से लाभान्वित करायें। महिला ग्राम प्रधान को स्मार्ट प्रधान बनना है। महिलायें बच्चों को स्वच्छ और ताजा खाना खिलाये जिससे बच्चे स्वस्थ्य रहे। उन्होने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्र रोज खोले जायें तथा प्री-नर्सरी के रूप में चलाये जाये। आंगनबाड़ी केन्द्र में आने वाले हर बच्चे को संस्कार देने की जिम्मेदारी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की है। उन्होने कहा कि माता-पिता अपने बच्चों पर विशेष ध्यान दें





और बेटे और बेटी को उत्तम चरित्र की शिक्षा अवश्य दें। इसके पूर्व उन्होंने रंगोली प्रतियोगिता का अवलोकन कर उत्कृष्ट रंगोली प्रदर्शन करने वाली छात्राओं एवं महिलाओं को पुरस्कृति किया। तदुपरांत दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस दौरान महिला प्रधान, स्वयं सहायता समूह की महिला, महिला आरक्षी, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, आंगनबाड़ी सहायिका, आशा बहु एवं खेल प्रतियोगिता के बच्चो के साथ संवाद कर उनकी समस्याओं का सुना।इस अवसर पर महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार मंत्री एवं विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य द्वारा मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के अन्तर्गत 17 बच्चों को लैपटाप का वितरण, हॉकी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली 13 छात्राओं, वालीवॉल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली 10 छात्राओं एवं कबड्डी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली 08 छात्राओं एवं जूडों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली 02 छात्राओं को डेमो चेक एवं मेडल का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान बाल विकास एवं पुष्टाहार मंत्री द्वारा 05 गर्भवती महिलाओं के गोद भराई, 05 बच्चों को अन्न प्राशन, बच्चों को स्वर्ण प्राशन, 10 अतिकुपोषित बच्चों को पोषण किट का वितरण एवं 01 अतिकुपोषित बच्चा कृष्णा के अभिभावक को गौदान किया गया।कार्यक्रम में विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य, मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया, सीओ सिटी सुबोध गौतम सहित अन्य वक्ताओं ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये। इस दौरान नशा मुक्ति पर मनमोहक गीत की प्रस्तुति की गयी। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्र, भाजपा प्रवक्ता राघवेंद्र नाथ शुक्ल सहित सहित आदि मौजूद रहे।

# भारत का एफआईएच प्रो लीग में दमदार प्रदर्शन, अंतर्राष्ट्रीय हॉकी रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया को पछाड़ा

## भारतीय पुरुष हॉकी टीम रैंकिंग में चौथे पायदान पर पहुंची

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एफआईएच प्रो लीग मैचों में विश्व चैंपियन जर्मनी और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लगातार दो-दो जीत के दम पर भारतीय पुरुष हॉकी टीम एफआईएच (विश्व हॉकी महासंघ) रैंकिंग में दो स्थान की छलांग लगाकर चौथे पायदान पर पहुंच गई। इससे भारत रैंकिंग में हॉकी की सबसे मजबूत टीमों में से एक ऑस्ट्रेलिया से स्थान आगे निकल गया। ऑस्ट्रेलिया की टीम पांचवें स्थान पर खिसक गई है।

इस साल जनवरी में ओडिशा में विश्व कप खिताब जीतने के बाद शीर्ष स्थान पर पहुंचने वाला जर्मनी भारत से लगातार दो मैच हारने के बाद भी दो पायदान नीचे तीसरे स्थान पर खिसक गया। इस विश्व कप में भारतीय टीम क्वार्टर फाइनल में पहुंचने में नाकाम रही थी। भारत ने प्रो लीग के अपने मैचों में जर्मनी को 3-2 और 6-3 जबकि ऑस्ट्रेलिया को 5-4 और नियमित समय में मैच 2-2 की बराबरी पर छूटने के बाद पेनल्टी शूटआउट में 4-3 से शिकस्त दी। लगातार चार मैचों में जीत से भारत एफआईएच प्रो लीग के अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया।

इसके साथ ही हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई वाली टीम ने एफआईएच छठे से चौथे स्थान पर आ गयी। विश्व कप में कांस्य पदक जीतने वाला नीदरलैंड शीर्ष स्थान पर है जबकि उपविजेता बेल्जियम नवीनतम रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज है। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा, '' ये चीजें (विश्व रैंकिंग) हमारे लिए ज्यादा मायने नहीं रखती हैं। जब हम खेलते हैं तो हम इसे ध्यान में नहीं रखते हैं। हमारी एकमात्र प्राथमिकता अपने मौके को भुनाना और प्रतिद्वंद्वी पर दबाव बनाए रखने की होती है।'



## गैरवरीय निकहत को महिला विश्व मुक्केबाजी चैम्पियनशिप में मिला मुश्किल ड्रॉ



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** शीर्ष भारतीय मुक्केबाज निकहत जरीन को गुरुवार से यहां शुरू हो रही महिला विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में लाइट फ्लाईवेट (50 किग्रा) वर्ग में आश्चर्यजनक रूप से गैर वरीयता प्राप्त होने के कारण बुधवार को चुनौतीपूर्ण ड्रा मिला। मौजूदा विश्व चैम्पियन निकहत अंतिम-64 दौर में अजरबैजान की अनाखा नीम इस्माइला के खिलाफ रिंग में उतरेंगी। इसके बाद वह रियो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता कोलंबिया की इंग्रिट वालेंसिया और तोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता जापान की त्सुकी के सामने क्रमशः सेमीफाइनल और फाइनल में अपने खिताब का बचाव के लिए रिंग में उतर सकती हैं।

तोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) को पहले दौर में बाई मिली है, जबकि स्वीटी बूरा (81 किग्रा) बाई मिलने के बाद अंतिम-आठ में प्रवेश कर पदक हासिल करने से बस एक जीत दूर होंगी। प्री-क्वार्टर फाइनल में लवलीना का सामना मेक्सिको की वनेसा ऑर्टिज से होगा। जैस्मिन लम्बोरिया को भी मुश्किल चुनौतियों का सामना करना पड़ता है क्योंकि उनका सामना 60 किलोग्राम भार वर्ग के क्वार्टर फाइनल में रियो ओलंपिक चैंपियन फ्रांस की एस्टेले मोसली के खिलाफ होने की उम्मीद है। प्रीति (54 किग्रा) हंगरी की हन्ना लकोटार के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगी।

मेजबान भारत की अन्य मुक्केबाज नीतू घणघस (48 किग्रा), साक्षी चौधरी (52 किग्रा), मनीषा मौन (57 किग्रा), शशि चोपड़ा (63 किग्रा), मंजू बम्बोरिया (66 किग्रा), श्रुति यादव (70 किग्रा) और नूपुर श्योराण (81 किग्रा से अधिक) की शुरुआती राह अपेक्षाकृत आसान होंगी। आईबीए (अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ) महिला विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2023 की शुरुआत बुधवार को इंदिरा गांधी खेल परिसर में एक भव्य उद्घाटन समारोह के साथ हुई।

केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर, आईबीए अध्यक्ष क्रेमलेव और बीएफआई (भारतीय मुक्केबाती संघ) अध्यक्ष अजय सिंह भी इस अवसर पर मौजूद थे। टूर्नामेंट की ब्रांड दूत और छह बार की चैम्पियन महान मुक्केबाज एमसी मेरीकोम भी 'गेस्ट ऑफ ऑनर' बॉलीवुड अभिनेता फरहान अख्तर के साथ मौजूद थीं।

## रैना पर भारी पड़े गेल, वर्ल्ड जायंट्स ने इंडिया महाराजा को हराया



**दोहा (एजेंसी)।** कतर में जारी लीजेंड्स लीग क्रिकेट 2023 में इंडिया महाराजा को फिर हार का सामना करना पड़ा है। उसे वर्ल्ड जायंट्स ने तीन विकेट से हराया। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए इंडिया महाराजा ने 9 विकेट पर 136 रन बनाये। वर्ल्ड जायंट्स की ओर से ब्रेट ली ने 3 विकेट लिए। मानविंदर बिस्ला 36 और सुरेश रैना 49 के बीच हुई 60 रनों की साझेदारी के अलावा इंडिया महाराजा की ओर से कई बड़ी साझेदारी नहीं हो पायी। इसके बाद वर्ल्ड जायंट्स ने क्रिस गेल 57 की अच्छी बल्लेबाजी से 18.4 ओवर में सात विकेट के नुकसान पर 137 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

137 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वर्ल्ड जायंट्स की शुरुआत अच्छी रही। गेल और हाशिम अमला 6 ने 42 रन की साझेदारी करके अच्छी शुरुआत की। अमला को अशोक डिंडा ने एलबीडब्ल्यू आउट करके वर्ल्ड जायंट्स का पहला विकेट लिया। इसके बाद गेल ने शेन वॉटसन 26 के साथ ही दूसरे विकेट के लिए 51 रन बनाये। प्रवीण तांबे ने वॉटसन को बोल्ड करके इस साझेदारी को तोड़ा।इसके बाद इंडिया महाराजा के गेंदबाजों ने विकेट लेकर मैच में वापसी का प्रयास किया। वर्ल्ड जायंट्स के कप्तान आरोन फिंच (5), रॉस टेलर (7), समित पटेल (12) और रिकॉर्डो पावेल (3) रन बनाकर ही पेवेलिन लौट गये। गेल को इस बीच रैना ने एलबीडब्ल्यू आउट किया पर इसके बाद मोर्ने वेन विक 10 और टिनो बेस्ट 1 ने वर्ल्ड जायंट्स को लक्ष्य तक पहुंचा दिया।

गेल ने 46 गेंदों में 9 चौके और एक छक्के की मदद से 57 रन बनाए। शेन वॉटसन ने 16 गेंदों में 5 चौके की मदद से 26 रन बनाए। इंडिया महाराजा की ओर से यूसुफ पठान ने दो विकेट लिए। सुरेश रैना, प्रवीण तांबे, अशोक डिंडा और हरभजन सिंह को एक-एक विकेट मिला।

## भारत-ऑस्ट्रेलिया: हार्दिक की कप्तानी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले एकदिवसीय में जीत के इरादे से उतरेगी भारतीय टीम



**मुंबई। (एजेंसी)।** टेस्ट सीरीज में जीत से उत्साहित टीम इंडिया शुक्रवार को यहां मेहमान टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले एकदिवसीय में भी जीत का सिलसिला बरकरार रखना चाहेगी। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीन एकदिवसीय मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला यहां वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाएगा। इस मैच में दोनो ही टीमें बदली नजर आयेंगी। भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा इस मैच में नहीं खेलेंगे। ऐसे में ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या के पास टीम की कप्तानी रहेगी। वहीं दूसरी ओर ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ करेंगे। नियमित कप्तान पैट कमिंस के ऑस्ट्रेलिया से नहीं लौटने के कारण स्मिथ को ही इस सीरीज के लिए कप्तान बनाया गया है।

आंकडों पर नजर डालें तो वानखेड़े स्टेडियम में भारत के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम हमेशा हावी रही है। इस मैदान पर दोनो टीमों के बीच अब तक कुल तीन बार मुकाबला हुआ है। इसमें भारतीय टीम को केवल एक मैच में जीत मिली थी। भारतीय टीम ने साल 2007 में महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में ऑस्ट्रेलिया को यहां हराया था। वहीं अंतिम बार दोनो ही टीमों का सामना साल 2020 में हुआ था। साल 2020 में खेले गए एकदिवसीय मैच में टीम इंडिया को ऑस्ट्रेलिया ने 10 विकेट से हराया था। ऐसे में अब भारतीय टीम इस मैदान पर अपना रिकार्ड बेहतर करने के इरादे से उतरेगी। कप्तान पांड्या भी इस मैच में जीत के साथ ही कप्तान के तौर पर अपने को साबित करना चाहेंगे। भारतीय टीम के लिए राहत की बात यह है कि अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली लय में आ गये हैं। शुभमन गिल भी अच्छे फार्म में हैं। ऑलराउंडर रविन्द्र जडेजा भी गेंद और बल्ले से शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। वहीं ऑस्ट्रेलियाई टीम की बात करें तो सलामी बल्लेबाजी डेविड वार्नर और ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल की वापसी से वह बेहतर हुई है। इस मैच के लिए मौसम साफ रहने की उम्मीद है।

यह पहला एकदिवसीय मैच दोपहर के 1 बजकर 30 मिनट पर शुरू होगा, जिसके कारण खिलाड़ियों को गर्मी और उमस का सामना भी करना पड़ेगा। इस दौरान दिन का अधिकतम तापमान 31 डिग्री रहने की उम्मीद है जबकि न्यूनतम तापमान 24 डिग्री रहने की संभावना है। मैच में बारिश की कोई संभावना नहीं है।

### दोनों टीमों का स्क्वाड

भारत- हार्दिक पांड्या (कप्तान), युजवेंद्र चहल, ईशान किशन, रवींद्र जडेजा, विराट कोहली, कुलदीप यादव, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, अक्षर पटेल, केएल राहुल, शुभमन गिल, शार्दुल ठाकुर, उमरान मलिक, जयदेव उनादकट, वाशिंगटन सुंदर ,सूर्यकुमार यादव।

ऑस्ट्रेलिया- स्टीव स्मिथ (कप्तान) सीन एबॉट, एश्टन एगर, एलेक्स केरी, कैमरन ग्रीन, ट्रैविस हेड, जोश इंगलिस, मारनस लाबुस्चगने, मिशेल मार्श, ग्लेन मैक्सवेल, झे रिचर्डसन, स्टीव स्मिथ, मिशेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस, डेविड वार्नर, एडम जम्पा।

## लिवरपूल को हराकर रीयाल मैड्रिड चैम्पियन्स लीग के क्वार्टर फाइनल में

मैड्रिड । रीयाल मैड्रिड ने चैम्पियन्स लीग प्री-क्वार्टर फाइनल के दूसरे चरण में लिवरपूल को 1-0 से शिकस्त देकर अंतिम आठ में अपनी जगह पक्की की। मौजूदा चैम्पियन रीयाल मैड्रिड ने पहले चरण का मुकाबला 5-2 से जीता था। उसने कुल 6-2 की जीत के साथ बचाव का अपना अभियान जारी रखते हुए लगातार तीसरी बार अंतिम आठ में जगह बनाई। बुधवार को खेले गए मैच का इकलौता गोल करीम बेंजेमा ने किया। उन्होंने मैच के 79वें मिनट में विनिसियस जूनियर की मदद से यह गोल दागा। चैम्पियन्स लीग के नॉकआउट चरण के पिछले आठ मैचों में यह उनका 13वां गोल था। मैड्रिड ने पिछले साल फाइनल में भी लिवरपूल को हराया था।

## अक्षर पटेल बने दिल्ली कैपिटल्स के उपकप्तान, वार्नर करेंगे कप्तानी

मुम्बई । दिल्ली कैपिटल्स ने आईपीएल आईपीएल 2023 के लिए ऑस्ट्रलियाई सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर को कप्तान बनाया है। वहीं अक्षर पटेल को उप-कप्तान की जिम्मेदारी मिली है। आईपीएल के 16 सत्र की शुरुआत इस माह के अंत में हो रही है। दिल्ली कैपिटल्स ने ट्वीट किया, डेविड वॉर्नर (कप्तान) और अक्षर पटेल (उप-कप्तान), आईपीएल 2023 में इन दो तेजतर्रार खिलाड़ियों के नेतृत्व में दिल्ली कैपिटल्स उतरने के लिए तैयार है।



वार्नर के पास आईपीएल में पहले भी कप्तानी का अनुभव रहा है। वॉर्नर के नेतृत्व में ही सनराइजर्स हैदराबाद ने साल 2016 में आईपीएल खिताब जीता था। वॉर्नर का भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज में प्रदर्शन हालांकि अच्छा नहीं रहा और वह एकदिवसीय सीरीज के जरिये लय हासिल करना चाहेंगे। वॉर्नर ने साल 2013 में दिल्ली डेयरडेविल्स के लिए दो मैचों में कप्तानी की है। दिल्ली कपिटल्स में डेविड वॉर्नर से पहले ऋषभ पंत कप्तान रहे हैं। उनकी कप्तानी में टीम ने 30 मैच, 16 जीते। इससे पहले श्रेयस अय्यर की कप्तानी में 41 मैच, 21 जीते। करुण नायर की कप्तानी में 3 मैच में से 2 जीते। जहीर खान 23 मैच में से 10 में जीते। वॉर्नर ने दिल्ली कैपिटल्स के लिए अब तक 69 मैचों में 1888 रन बनाए हैं। इस दौरान उनका औसत 31.46 का रहा है।

## महिला प्रीमियर लीग : महिला प्रीमियर लीग में आरसीबी को मिली पहली जीत, यूपी वॉरियर्स को पांच विकेट से हराया



**मुंबई (एजेंसी)।** महिला प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट (डब्ल्यूपीएल) में कप्तान स्मृति मंधाना की टीम रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) को आंखिर कार पांच मुकाबलों के बाद पहली जीत मिल ही गयी। आरसीबी ने एक रोमांचक मुकाबले में यूपी वॉरियर्स को पांच विकेट से हराया। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए यूपी ने 135 रन बनाये। एलिस पेरी ने 3 विकेट लिए।इस प्रकार आरसीबी को जीत के लिए 136 रनों का लक्ष्य मिला जो उसने पांच विकेट के नुकसान पर ही दो ओवर पहले ही हासिल कर लिया। आरसीबी की ओर से कनिका अहूजा ने 46 रनों की सबसे बेहतर पारी खेली। कप्तान मंधाना ने भी कनिका की जमकर तारीफ करते हुए उसे ह 360 डिग्री बल्लेबाज करार दिया।

मंधाना ने कहा, हाँ, यह कठिन मैच था। हमने 7वें ओवर में कुछ विकेट खोये थे, जिससे टीम तनाव में आ गयी थी पर जिस प्रकार कनिका और ऋचा ने खेला वह बेहद शानदार रहा। विशेष रुप से कनिका का प्रदर्शन सराहनीय रहा है। उसकी बल्लेबाजी देखकर में उत्साहित हूं, वह जिस तरह का रुख रखती है उससे वह एक 360 डिग्री बल्लेबाज के तौर पर उभरी है जो कही भी खेल सकती है। इसके साथ ही मंधाना अपनी टीम को मिले समर्थन के लिए भी प्रशंसकों का आभार जताया है।

इस मैच में यूपी द्वारा दिए गए 136 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए आरसीबी की शुरुआत अच्छी नहीं रही। सलामी बल्लेबाज मंधाना एक बार फिर रन बनाने में असफल रहीं और शून्य पर ही पेवेलियन लौट गयीं। वहीं सोफी डिवाइन ने 14 रन बनाए। इसके बाद पैरी भी 10 रन ही बना पायीं। हीथर नाइट ने 24 रनों की पारी खेली। अंत में रिचा घोष ने 31 नाबाद और श्रेयंका पाटिल ने नाबाद 5 रन बनाकर अपनी टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया।

इससे पहले यूपी वॉरियर्स की टीम की ओर से कप्तान एलिसा हीली और देविका वैद्य ने पारी शुरु की। देविका शून्य पर ही पेवेलियन लौट गयीं जबकि हीली ने केवल एक रन ही बनाया। किरण नवगिरे ने 22 रन बनाये जबकि तहलिया मैकग्रा 2 रन बनाकर पेवेलियन लौटीं। ग्रेस हैरिस ने 46 रन जबकि ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने 22 रनों की पारी खेली। इस प्रकार टीम ने तय ओवरों में 135 रन बनाये।

### आईएसएल फाइनल 18 मार्च को

नई दिल्ली । इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताबी मुकाबला 18 मार्च को गोवा के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में खेला जाएगा। टूर्नामेंट के आयोजकों के अनुसार टीमों के लिए सभी प्रकार के जरुरी ढांचे की उपलब्धता को देखते हुए ही गोवा को इस मुकाबले की मेजबानी दी गयी है। इसके प्ले ऑफ मुकाबले तीन मार्च से खेले गये थे। इसमें लीग शील्ड विजेता मुंबई सिटी एफसी, हैदराबाद एफसी, एटीके मोहन बागान, बेंगलुरू एफसी और केरल ब्लास्टर्स एफसी ने पहले ही प्ले ऑफ में जगह बना ली है। वहीं ओडिशा एफसी और एफसी गोवा लीग चरण के अंतिम मुकाबले से पहले दौड़ में बने हुए हैं। इस सत्र से आईएसएल आयोजकों फुटबॉल स्पोर्ट्स डेवलपमेंट लिमिटेड (एफएसडीएल) ने लीग के लिए प्ले ऑफ का नया प्रारूप भी लागू किया है जिससे दो मुकाबले टूर्नामेंट में और बढ़ जाएंगे। इसमें शीर्ष दो टीम सेमीफाइनल में सीधे प्रवेश करेंगी जबकि तीसरे से छठे स्थान पर रहने वाली टीमों के बीच एक चरण का प्ले ऑफ मुकाबला खेला जाएगा जिससे सेमीफाइनल के लिए अन्य दो टीमें तय होंगी।

## स्पेन और पुर्तगाल के साथ फीफा विश्व कप 2030 की मेजबानी चाहता है मोरक्को


रबात । मोरक्को भी फीफा विश्व कप 2030 की मेजबानी बोली में शामिल होगा। मोरक्को के सुल्तान मोहम्मद षष्ठम ने कहा है कि उनका देश फीफा विश्व कप 2030 की मेजबानी के लिए स्पेन और पुर्तगाल के साथ संयुक्त रूप से बोली लगाएगा। इससे पहले जून 2021 में स्पेन और पुर्तगाल ने कहा था कि वे 2030 फीफा विश्व कप की मेजबानी के लिए संयुक्त बोली लगाएंगे। वहीं अब सुल्तान ने अफ्रीकी फुटबॉल परिसंघ (सीएएफ) को भेजे एक संदेश में कहा कि इस संयुक्त बोली से अफ्रीका और यूरोप, उत्तरी और दक्षिणी भूमध्यसागरीय, अफ्रीकी अरब और यूरो-भूमध्यसागरीय दुनिया एक साथ आएगी। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि यह मेजबानी हममें से सर्वश्रेष्ठ को सामने लेकर आयेगी जो कि प्रतिभा, रचनात्मकता, अनुभव और साधनों का एक वास्तविक मिश्रण रहेगा। यह संदेश सुल्तान ने रवांडा के किगाली में एक कार्यक्रम में दिया। गौरतलब है कि फीफा विश्व कप की मेजबानी करने के लिए मोरक्को छठी बार बोली लगाने वाला है। इससे पहले उसने साल 1994, 1998, 2006, 2010 और 2026 के लिए भी बोली लगायी थी।

## आईपीएल2023 : सौरव गांगुली के फैंस को मिली खुशखबरी, दिल्ली कैपिटल्स के लिए निभाएंगे यह बड़ी भूमिका



नई दिल्ली. आईपीएल शुरू होने में कुछ ही दिनों का वक्त बचा है। सभी टीमें अपनी रणनीति बना रही हैं। इन सब के बीच दिल्ली कैपिटल्स ने बड़ा फैसला लिया है। पहले तो ऋषभ पंत की जगह डेविड वार्नर तो कप्तानी सौपी गई। इसके बाद जो खबर आई उससे सौरव गांगुली के फैंस को बेहद ही खुशी होगी। दरअसल, दिल्ली कैपिटल्स ने सौरव गांगुली को अपने क्रिकेट निदेशक के रूप में नियुक्त करने की पुष्टि की है। भारत के पूर्व कप्तान और बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष, महिला प्रीमियर लीग टीम, एसए20 में प्रिटोरिया कैपिटल्स और आईएलटी20 में दुबई कैपिटल्स सहित कैपिटल्स फ्रैंचाइजी के सभी कार्यक्षेत्रों का प्रभार संभालेंगे। हालांकि, सौरव गांगुली ने एसए20 और महिला प्रीमियर लीग के चल रहे पहले सत्र के दौरान पहले ही फ्रैंचाइज़ी के साथ काम करना शुरू कर दिया था। महिला प्रीमियर लीग में दिल्ली कैपिटल्स प्ले-ऑफ़ में पहुँचने के लिए अच्छी तरह से तैयार हैं। विशेष रूप से, गांगुली ने आईपीएल 2019 में दिल्ली की राजधानियों के संरक्षक के रूप में काम किया था। इसी दौरान उन्होंने मुख्य कोच रिकी पोंटिंग के साथ काम किया था। नियुक्ति के बारे में बोलते हुए, सौरव गांगुली ने कहा कि वह दिल्ली कैपिटल्स में लौटने के लिए उत्साहित हैं और डब्ल्यूपीएल में डीसी एसए20 में प्रिटोरिया के साथ अपने कार्यकाल के दौरान पहले से ही काम का अनुभव कर चुके हैं। गांगुली ने कहा कि दिल्ली कैपिटल्स ने मेरे पिछले कार्यकाल के दौरान एक टीम के तौर पर अच्छा प्रदर्शन किया था। उम्मीद है कि अगले कुछ महीनों में हम सभी का समय अच्छा बीतेगा। दिल्ली कैपिटल्स की टीम अपने अभियान का आगाज़ लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ एक अप्रैल को करेगी। आपको बता दें कि टीम के नियमित कप्तान पंत कार दुर्घटना में लगी गंभीर चोट से उबर रहे हैं और वह 31 मार्च से शुरू होने वाले आगामी सत्र में टीम में वापसी नहीं कर पायेंगे। डेविड वार्नर को ऋषभ पंत की गैरमौजूदगी में कप्तान नियुक्त किया गया। पंत 2021 से इस टीम का नेतृत्व कर रहे थे। हरफनमौला अक्षर पटेल दिल्ली टीम के उप-कप्तान होंगे। उन्होंने पिछले सत्र में भी यह जिम्मेदारी निभाई थी।

# आईपीएल 2023: आरसीबी की कप्तानी छोड़ने पर विराट कोहली ने तोड़ी चुप्पी, कहा- मुझे खुद पर ज्यादा भरोसा नहीं था



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय टीम के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2021 सत्र के बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के कप्तान का पद छोड़ने का फैसला किया था। हालंकि, अपने इस फैसले को लेकर उन्होंने कोई बड़ा कारण नही बताया था। लेकिन अब दो सालों के बाद उन्होंने अपने कप्तानी छोड़ने के फैसले पर चुप्पी तोड़ी है। कोहली ने साफ तौर पर कहा कि उन्हें खुद से 'भरोसा' उठ गया था और इस काम के लिए उनका 'जज्बा' भी कम हो गया था। दरअसल, कोहली बुधवार को महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में यूपी वारियर्स के खिलाफ मैच से पहले आरसीबी महिला टीम के खिलाड़ियों से बात कर रहे थे। इसी दौरान उन्होंने यह बात कही।

कोहली ने कहा कि जिस समय मेरी कप्तानी का कार्यकाल समाप्त हो रहा था, ईमानदारी से कहूं तो मुझे खुद पर ज्यादा भरोसा नहीं था। इसे लेकर मेरे अंदर कोई जज्बा नहीं बचा था। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि एक व्यक्ति के तौर पर मैं खुद से कह रहा था कि मैंने काफी उतार-चढ़ाव झेले हैं अब इसे और नहीं संभाल सकता हूं। आरसीबी के लिए 2019 में एक भयानक समय था जब वे लगातार छह मैच हार गए और अंतिम स्थान पर रहे। वे इससे दो साल पहले भी सबसे निचले पायदान पर रहे थे। कोहली ने कहा कि अगले सत्र (2020) में टीम में नये खिलाड़ी जुड़े, उनके पास नये विचार थे और यह एक और मौके की तरह था। वे काफी रोमांचित थे, व्यक्तिगत तौर पर हो सकता है कि मैं उतना उत्साहित नहीं था लेकिन उनकी सकारात्मक ऊर्जा से हम लगातार तीन साल प्लेऑफ में पहुंचे।

आरसीबी की टीम 2016 के बाद 2020 में फिर से आईपीएल प्लेऑफ में पहुंची और 2021 और 2022 में भी नॉकआउट में पहुंची। उन्होंने कहा कि हम हर सत्र की शुरुआत उसी उत्साह के साथ करते हैं जो पहले था। मैं अब भी उत्साहित महसूस कर रहा हूं। टीम को सफलता दिलाना एक सामूहिक जिम्मेदारी है, अगर किसी के आत्मविश्वास में कमी होती है तो दूसरे खिलाड़ी उसका हौसला बढ़ाते हैं। कोहली ने 2021 टी20 विश्व कप के बाद भारत के टी20 कप्तान के रूप में पद छोड़ने का मन बना लिया था। बाद में उन्हें एकदिवसीय की कप्तानी से हटा दिया गया। उन्होंने इसके बाद टेस्ट टीम की कप्तानी भी छोड़ दी। भारतीय टीम से कप्तानी की भार से मुक्त होने के बाद उन्होंने आरसीबी के कप्तान पद को छोड़ने का फैसला किया।

# शाहरुख के हॉलीवुड शिफ्ट होने के सवाल पर बोलीं प्रियंका



शाहरुख खान ने हाल ही कहा कि वह हॉलीवुड नहीं जाना चाहते और बॉलीवुड में कंफर्टेबल हैं। जब प्रियंका चोपड़ा से इस बारे में पूछा गया तो एक्ट्रेस ने कहा कि वह न तो घमंडी हैं और न ही एक देश में सफल होने का बोझ दूसरे देश में लेकर जाती हैं। प्रियंका ने कहा कि कंफर्टेबल उनके लिए बोरिंग हो जाता है। पठान एक्टर शाहरुख खान ने हाल ही एक इंटरव्यू में हॉलीवुड में काम करने के बारे में सवाल किए जाने पर ऐसा जवाब दे दिया था, जिससे प्रियंका चोपड़ा थोड़ा बिफरी-सी नजर आ रही हैं। शाहरुख से जब पूछा गया था कि वह हॉलीवुड में काम करने के बारे में क्यों नहीं सोचते हैं तो एक्टर ने जवाब दिया था कि वह हॉलीवुड क्यों जाएं? वह बॉलीवुड में कंफर्टेबल हैं। साथ ही शाहरुख ने बॉलीवुड को हॉलीवुड से बेहतर बताया। इस पर जब प्रियंका चोपड़ा से पूछा गया तो उन्होंने तीखा जवाब दिया और खुद की बॉलीवुड से हॉलीवुड जाने की वजह बताई। प्रियंका ने 2002 में तमिल फिल्म से एक्टिंग डेब्यू किया था और फिर बॉलीवुड में भी काफी काम किया। लेकिन 2016 में वह बॉलीवुड से हॉलीवुड शिफ्ट हो गईं। हालांकि बीच में उन्होंने 2019 में एक हिंदी फिल्म द स्काई इज पिंक में काम किया था। प्रियंका तभी से हॉलीवुड में सक्रिय हैं और क्वांटिको सीरीज से लेकर कई फिल्में कर चुकी हैं। हॉलीवुड में प्रियंका ने बेवॉच से कदम रखे और छा गईं।




**मैं बहुत ही प्रोफेशनल हूं**

प्रियंका ने आगे कहा, मैं बहुत ही प्रोफेशनल हूं। अगर आप मेरे आसपास के लोगों से पूछेंगे तो वो भी बताएंगे कि मैं अपने प्रोफेशनल रवैये के लिए जानी जाती हूं। मुझे इसमें गर्व महसूस होता है। मेरे पापा आर्मी में थे और उन्होंने मुझे अनुशासन का मूल्य सिखाया है। उन्होंने मुझे सिखाया कि जो भी तुम्हें मिला है, उसमें गर्व महसूस करो। उसे हल्के में मत लो और न ही उसे सिर पर चढ़ने दो। प्रियंका ने कहा कि वह आज जिस मुकाम पर हैं, वो उन्होंने अपनी कड़ी मेहनत से हासिल किया है। उन्होंने फालतू और बेफिजूल की चीजों में समय बर्बाद नहीं किया। प्रियंका चोपड़ा ने कहा कि उन्होंने हमेशा अपने काम पर फोकस किया।

**प्रियंका और शाहरुख ने साथ कीं फिल्में**

प्रियंका चोपड़ा ने शाहरुख खान के साथ भी कई फिल्मों में काम किया और दोनों के बीच काफी अच्छी दोस्ती रही। शाहरुख और प्रियंका ने डॉन 2 और बिल्लू में एक संग काम किया। बात करें प्रियंका की सिटाडेल की तो यह अमेजन प्राइम पर रिलीज होगी। इसमें लेस्ली मानविल और स्टेन्ली तुकी जैसे स्टार्स हैं।



# अदिति राव हैदरी की पॉपुलर भारतीय सेलेब्स की सूची में अपनी उपस्थिति की दर्ज

अदिति राव हैदरी वर्तमान में ताज-डिवाइडेड बाय ब्लड सीरीज की सफलता का आनंद ले रही हैं। अनारकली के रूप में उनके जबरदस्त प्रदर्शन से विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अभी भी ट्रेंड में हैं। हाल ही में लोकप्रिय भारतीय हस्तियों पर च्वाइस ऑफ द वीक के लिए जारी एक फीचर में, अदिति को पंद्रहवें स्थान से सम्मानित किया गया। यह एक अभिनेत्री के रूप में उनकी उत्साह को साझा करती है। उनकी आगामी परियोजनाओं के बारे में बता दें, अभिनेत्री 2023 में संजय लीला भंसाली द्वारा निर्देशित हीरामंडी और विक्रमादित्य मोटवाने द्वारा निर्देशित जुबली में नजर आएंगी - जिसका ट्रेलर जल्द ही रिलीज होने वाला है।

# मेहमाननवाजी में नबंर 1 हैं शाहरुखः तापसी



तापसी पन्नू ने बांधे किंग खान की तारीफों के पुल बॉलीवुड के बादशाह यानी शाहरुख खान की एक्टिंग के तो सभी दीवाने हैं। लेकिन क्या आपको पता है कि रियल लाइफ में किंग खान मेहमाननवाजी के लिए भी नंबर वन माने जाते हैं। ऐसा हम नही कह रहे हैं, ऐसा कहा है एक्ट्रेस तापसी पन्नु ने। तापसी पन्नु का एक वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। इस वीडियो में एक्ट्रेस किंग खान की तारीफों के पुल बांधती नजर आ रही हैं। दरअसल, ये क्लीप लल्लनटॉप के न्यूजरूम इंटरव्यू का है। इस इंटरव्यू में तापसी बताती हैं कि, शाहरुख खान से उन्हें उनके मैनेजर ने मिलवाया था। शाहरुख उन्हें नाम से जानते थे। तापसी ने कहा- अब जब मुझे पता है कि उन्हें मैं नाम से याद हूं, ये मेरे लिए बहुत बड़ी बात थी। एक्ट्रेस ने बताया कि जब वह रात में 11 बजे पार्टी से घर निकल रही थीं तो शाहरुख उन्हें दरवाजे तक छोड़ने आए थे। तापसी ने बताया कि पहली मीटिंग में ही शाहरुख खान उन्हें बहुत स्पेशल फील कराया था और वो बाकी गेस्ट से भी बहुत ही गर्मजोशी के साथ मिल रहे थे। वैसे सिर्फ तापसी ही नही बॉलीवुड के कई सेलेब्स शाहरुख की मेहमाननवाजी की तारीफ करते रहते हैं।

# हंटर - टूटेगा नहीं तोड़ेगा के ट्रेलर में सुनील का अलग अंदाज



हेराफेरी-3 को लेकर चर्चाओं में आए सुनील शेट्टी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर अपनी अगली वेब सीरीज हंटर-टूटेगा नहीं, तोड़ेगा का ट्रेलर जारी करके दर्शकों को एक और तोहफा दिया है। गत वर्ष के अन्त में सुनील शेट्टी एमएक्स प्लेयर की फिल्म धारावी बैंक में नजर आए थे। इस फिल्म में सुनील ने उम्र दराज गैंगस्टर का किरदार निभाया था, जिसे दर्शकों ने बहुत ज्यादा पसन्द किया था। एक बार फिर से सुनील एक्शन भूमिका में नजर आएंगे। अभी हाल इस सीरीज का एक टीजर सामने आया था, जिसमें सुनील शेट्टी एकदम अलग लुक में दिखाई दिए। टीजर के बाद फैंस ट्रेलर का इंतजार कर रहे थे। जो अब रिलीज हो गया है। सीरीज का ये ट्रेलर आते ही हर जगह छा गया है। सुनील शेट्टी, राहुल देव और ईशा देओल की वेब सीरीज हंटर - टूटेगा नहीं तोड़ेगा में सुनील शेट्टी एसीपी विक्रम के किरदार में नजर आ रहे हैं। हंटर - टूटेगा नहीं तोड़ेगा सीरीज ट्रेलर में काफी दमदार एक्शन सीन्स दिखाए गए हैं। ट्रेलर में ईशा देओल के किरदार की भी झलक दिखाई गई है। एक्शन सीन्स के साथ-साथ ट्रेलर में कई संवाद भी हैं, जो लोगों को पसंद आ सकते हैं। जानकारी के लिए बता दें कि ये एक

ट्रेलर को सुनील शेट्टी ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर किया है। इस ट्रेलर को शेयर करते हुए सुनील शेट्टी ने एक दमदार कैप्शन भी लिखा है। वेब सीरीज हंटर - टूटेगा नहीं तोड़ेगा के ट्रेलर के लिए एक इवेंट का आयोजन किया गया था। इस इवेंट में सीरीज के स्टार कास्ट नजर आई थी।

# साउथ इंडियन दुल्हन बनीं स्वरा ने पति की बाहों में एक्ट्रेस ने यूं दिए पोज

एक्ट्रेस स्वरा भास्कर ने फहाद अहमद संग कोर्ट मैरिज के बाद 13 मार्च को परिवार और दोस्तों के बीच धूमधाम से शादी रचाई है। एक्ट्रेस ने साउथ इंडियन दुल्हन बन फहाद संग पूरे रीति रिवाजों से शादी रचाई, जिसकी तस्वीरें अब उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की हैं। इन तस्वीरों को फैंस खूब लाइक कर रहे हैं। तस्वीरों में देखा जा सकता है कि स्वरा भास्कर मैरून-गोल्डन साड़ी में साउथ इंडियन दुल्हन बनी बेहद खूबसूरत लग रही हैं। दुल्हिया से फहाद अहमद की नजरें ही नहीं हट रही हैं। वह कभी स्वरा को बाहों में लेकर पोज दे रहे हैं तो कभी पत्नी के गालों पर किस कर प्यार लुटाते नजर आ रहे हैं। इसके अलावा स्वरा भास्कर ने अपनी हल्दी और मेहंदी सेरेमनी की तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर शेयर की हैं, जिन्हें फैंस खूब पसंद कर रहे हैं। बता दें कि स्वरा भास्कर ने इस साल की शुरुआत में ही समाजवादी पार्टी की यूथ विंग समाजवादी युवजन सभा के महाराष्ट्र प्रेसीडेंट फहाद अहमद के साथ कोर्ट मैरिज की थी, जिसकी तस्वीरें शेयर कर उन्होंने फैंस को चौका दिया था।



# भूषण कुमार ने आरआरआर की टीम को दी बधाई



इस वक्त पूरे देश में जश्न कै माहौल है। 95वें अकैडेमी अवॉर्ड्स में भारत ने अपना डंका बजाया। ऑस्कर अवॉर्ड्स के मंच पर भारत ने इतिहास रचते हुए एक नहीं बल्कि दो अवॉर्ड्स अपने नाम किए। जी हां, एक तरफ जहां गुनीत मोंगा की डॉक्यूमेंट्री द एलिफेंट व्हिस्परर्स ने ऑस्कर अपने नाम किया, तो वहीं आरआरआर के नाटू नाटू ने जीता बेस्ट ओरिजिनल सॉन्ग का अवॉर्ड। वहीं फिल्म आरआरआर के संगीत के लिए भागीदार बनने पर गर्व महसूस करते हुए, टी-सीरीज के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक भूषण कुमार ने टीम को बधाई देते हुए कहा, नातु नातु ने अपनी शानदार बीट्स पर सभी को नचाया है और ऑस्कर में यह शानदार जीत एक वसीयतनामा है। गाने को मिली सराहना के लिए! आरआरआर के संगीत के साथ जुड़ना एक परम सम्मान की बात है जिसने वास्तव में भारतीय संगीत क्षेत्र में क्रांति ला दी है, एक उल्लेखनीय इतिहास बना रहा है जिस पर पूरे देश को गर्व है! हम शुभकामनाएं देना चाहते हैं और देखना चाहते हैं संगीतकार एम.एम कीरावनी, गीतकार चंद्रबोस और गायक कला भैरव और राहुल सिप्लिगुंज, अद्भुत कलाकार राम चरण और जूनियर एनटीआर के साथ निर्माता डी.वी. दानय्या और दूरदर्शी निर्देशक एसएस राजामौली और एसएस कार्तिकेय के साथ सहयोग करने के लिए आगे हैं।



# डिनो मोरिया मलयालम फिल्म बांद्रा में एंटी हीरो की भूमिका में

अभिनेता डिनो मोरिया मलयालम ड्रामा बांद्रा में एक एंटी-हीरो की भूमिका निभाते नजर आएंगे। मोरिया तांडव और द एम्पायर में अपने काम के लिए जाने जाते हैं। बांद्रा में दिलीप और तमन्नाह भाटिया भी हैं। फिल्म एक दुखद प्रेम कहानी है जो दर्शकों को बांधे रखेगी। फिल्म के बारे में ज्यादा डिटेल अभी नहीं मिल पाया है, इसे गुप्त रखा गया है। अभिनेता एक चालाक और निर्दयी व्यवसायी की भूमिका में हैं जो वो चाहता है उसे पाने के लिए कुछ भी कर सकता है। बांद्रा में अपनी भूमिका के बारे में बात करते हुए, अभिनेता ने कहा, यह उतना ही चुनौतीपूर्ण है जितना कि एंटी-हीरो की भूमिका निभाना। इसलिए इसके लिए बहुत उत्साह है। मैं एक बहुत ही शातिर और डार्क कैरेक्टर निभा रहा हूं जिसने मुझे सीखने का अच्छा मौका दिया। मैं दर्शकों की प्रतिक्रिया जानने के लिए इंतजार नहीं कर सकता। इस बीच, उनके पास पाइपलाइन में तेलुगु फिल्म एजेंट और मुदस्सर अजीज के साथ एक हिंदी फिल्म भी है।

# एमआईईटी में रक्तदान शिविर में 210 विद्यार्थियों ने रक्तदान किया

सर्वहित भारत

**मेरठ।** मेरठ इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। जिसमें कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक बढ़ चढ़कर भाग लिया।

रक्तदान शिविर का उद्घाटन प्यारेलाल जिला चिकित्सालय के चिकित्सा अधीक्षक डॉ कौशलेंद्र सिंह, एमआईईटी के चेयरमैन विष्णु शरण, वाइस चेयरमैन पुनीत अग्रवाल, निदेशक डॉ बृजेश सिंह, डीन एकेडमिक डॉ भावना मलिक, रक्तदान शिविर कोऑर्डिनेटर अजय चौधरी ने फीता काटकर किया।






एमआईईटी के चेयरमैन विष्णु शरण ने कहा रक्तदान सबसे बड़ा महादान है, जिससे अनेक जिंदगियां बचाई जा सकती हैं, जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए रक्तदान शिविर सराहनीय पहल है। वाइस चेयरमैन पुनीत अग्रवाल ने ब्लड डोनेट करके छात्रों का मनोबल बढ़ाया।

इस दौरान छात्रों ने 210 यूनिट ब्लड डोनेट किया। पंजाब नेशनल बैंक मेरठ से सीएससी हेड अनिल कुमार द्वारा रक्त दाताओं को प्रशस्ति पत्र सहित गिफ्ट देकर प्रोत्साहन किया गया। इस दौरान पंजाब नेशनल बैंक द्वारा नए ग्राहकों के लिए खाते भी खोले गए।

रक्तदान शिविर में एमआईईटी अहिंसा सोशल कमेटी, एनएसएस इकाई,पंजाब नेशनल बैंक मेरठ, पीएल शर्मा जिला चिकित्सालय ब्लड बैंक, रेडियो मेरठ 89.6 एफएम का सहयोग रहा।

इस अवसर पर डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ भूपेंद्र शर्मा, चीफ प्रॉक्टर डॉ हनी तोमर, डॉ मधुर कुमार दुबे, मीडिया मैनेजर अजय चौधरी आदि मौजूद रहे। अहिंसा कमेटी से छात्र कोऑर्डिनेटर अभिषेक, अभय, आदित्य, आमिर, आदर्श, अक्षिता, जानवी, विक्रांत, गौरव, समृद्धि आदि छात्रों का विशेष योगदान रहा।

## स्लिम राष्ट्रीय मंच की जिला सह संयोजिका शबनम जहां ने साबिर ए पाक की दरगाह पर चादर व फुल पेश कर मांगी दुआएं, और कहा है की दरगाहें आपसी भाईचारा और मोहब्बत का देती है संदेश

**(संवाददाता नफीस खान) सर्वहित भारत**

**हरिद्वार रुड़की(पिरान कलियर)** विश्व प्रसिद्ध दरगाह हजरत अलाउद्दीन साबिर ए पाक की दरगाह पर मुस्लिम राष्ट्रीय मंच की जिला सह संयोजिका शबनम जहां ने पहुंचकर साबिर पाक की दरगाह पर चादर व फुल पेश कर कौमी एकता, सौहार्द व देश में अमन चैन रहे इसके लिए दुआएं मांगी है।और वही उन्होंने कहा की विश्व प्रसिद्ध दरगाह हजरत अलाउद्दीन साबिर ए पाक की दरगाह पर दूरदराज से सभी जाति और धर्म के लोग अपनी मन्नतो की आस्था लेकर आते हैं और इन बुजुर्गों की दुआओं से अपनी झोलियां भर ले जाते हैं और दरगाहें भी आपसी भाईचारा और मोहब्बत का पैगाम देती हैं। जिसमें दरगाहों पर पहुंचकर रूह को सुकून महसूस होता है। इसके पश्चात मुस्लिम राष्ट्रीय मंच की जिला सह संयोजिका शबनम जहां ने दरगाह प्रबंधक रजिया बेगम से भी शिष्टाचार भेंट की है। इस अवसर पर मोहम्मद दानिश, वसीम अहमद, शारदा बेगम, रुबीना खातून, मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के जिला सह संयोजक मोहम्मद आरिफ आदि लोग मौजूद रहे।



# राजीव गोयल बने पिपली मंडी के प्रधान।

**पिपली(राकेश कशयप)। सर्वहित भारत**

अनाज मंडी पिपली एक मीटिंग मंगलवार को प्रधान अमीरचंद की अध्यक्षता में हुई ।मंडी में आढ़ती एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी को लेकर आढ़ती रणसिंह देशवाल की अगुवाई में 9 सदस्य कमेटी का गठन किया गया ।कमेटी सदस्यों पूर्व प्रधान नरेंद्र पाल, पवन अग्रवाल, बलजीत सैनी, राहुल शर्मा ,बनारसीदास प्रजापत ,होशियार सिंह,मांगे सिंह, राजकिशन ने विचार-विमर्श कर सर्व समिति से आढ़ती एसोसिएशन के पद के लिए राजीव गोयल को चुना ।राजीव गोयल ने कहा कि मंडी के सभी आढ़तियों के उन पर जो सर्वसम्मति से प्रधान पद की सहमति जताई है उसके लिए मैं उनका धन्यवाद करता हूं और मैं मंडी की हर समस्या को प्रमुखता से उठाकर प्रशासन के सामने रखूंगा ओर उनका निवारण भी करवाऊंगा।



# थाना बुग्गावाला क्षेत्र में गस्त के दौरान अवैध खनन से लिप्त, तीन स्टोन क्रेशरो को जिला खनन अधिकारी प्रदीप कुमार ने किया सीज



**(संवाददाता नफीस खान)**
**सर्वहित भारत**

**(हरिद्वार)** तहसील भगवानपुर क्षेत्र के ग्राम बंजारावाला में स्थित अमित स्टोन क्रेशर व गढ़वाली स्टोन क्रेशर में क्षेत्र से बाहर के अवैध खनन कर अवैध तरीके से खनन सामग्री को इन दोनों स्टोन क्रेशर के अंदर लाया जा रहा था जिसके चलते जिला खनन अधिकारी प्रदीप को शिकायत प्राप्त हुई थी वही जिलाधिकारी के सख्त निर्देश प्राप्त है की जनपद हरिद्वार में अवैध खनन पर प्रभावी रूप से रोक लगाई जाए और अवैध खनन करने वालो पर सख्त से सख्त कार्यवाही की जाए, इसी कड़ी में अपने कार्य कर्तव्य को बाखूबी अपनी ईमानदारी से ईमानदार कर्मठ तेजतर्रार जिला खनन अधिकारी प्रदीप कुमार की अवैध खनन के विरुद्ध लगातार बड़ी कार्यवाही देखने को मिल रही है,जिला खनन अधिकारी प्रदीप कुमार व तहसील भगवानपुरा राजस्व विभाग के द्वारा थाना बुग्गावाला क्षेत्र के ग्राम बंजारावाला और ग्राम लालवाला खालसा में स्थित स्टोन क्रेशरो पर रात्रि 10:00 बजे से लेकर 2:30 बजे तक गस्त किया गया वही गस्त के दौरान ग्राम बंजारावाला में स्थित अमित स्टोन क्रेशर और गढ़वाल स्टोन क्रेशर,पर विभाग टीम को इन दोनो स्टोन क्रेशरो के बाहर वाले क्षेत्र से अवैध खनन कर उपखनिज दोनो स्टोन क्रेशरो के अंदर होना पाया गया है वही गड्ढों से मार्ग स्टोन क्रेशरो के अंदर तक पाये गए हैं,जिससे पुष्टि हुई है की अवैध उपखनिज कर इन दोनो स्टोन क्रेशरो में ही लाया गया है,वही टीम के द्वारा दोनो स्टोन क्रेशरो के क्षेत्र के बाहर हुई खुदाई की पैमाइश कर अनियमितता मिलने पर वही जिला खनन अधिकारी ने दोनो स्टोन क्रेशरो को सीज कर दिया हैं और तत्काल पोर्टल आईडी को भी बंद कर दिया गया है,उसी दौरान क्षेत्र में खनन अधिकारी प्रदीप कुमार की कार्यवाही से खनन माफियाओं के हौसले भी पस्त हो गये है,और वही से टीम के द्वारा लालवाला खालसा में स्थित हरिगंगा स्टोन क्रेशर की भी टीम ने पैमाइश की है जिसमें उपखनिज ई रव्वन्ने से अधिक पाये जाने पर इस स्टोन क्रेशर पर भी कार्यवाही की गई है,और रात्री के समय गस्त के दौरान तीनो स्टोन क्रेशरो पर अनियमितता मिलने को लेकर सीज की कार्यवाही की गई है,और पोर्टलो को भी बन्द कर दिया गया है,और इन तीनो स्टोन क्रेशरो की पैमाइश कर आख्या रिपोर्ट जिलाधिकारी को प्रेषित की जा रही है,गस्त में जिला खनन विभाग टीम व तहसीलदार भगवानपुर दयाराम,खनिज मोहर्रिर सर्वेयर खनन विभाग व राजस्व उपनिरीक्षक और दोनो विभागो के कर्मचारी उपस्थित रहे

# जानकारी मिलने के बाद भी नहीं चेत रहा नगर पालिका प्रशासन

## आवारा गोवंश की मृत्यु होने की जानकारी होने से नगर पालिका ने किया इनकार

**सर्वहित भारत**
**राजू चौधरी**

**बुलन्दशहर :** शिकारपुर नगर के मौहल्ला लाल दरवाजा फारूकी नगर में मृत पड़ी गाय को चार-पांच दिन बीतने के बाद भी आवारा गोवंश का अन्तिम संस्कार कराने में नाकाम दिख रही शिकारपुर नगर पालिका परिषद जब इस सम्बन्ध में शिकारपुर नगर पालिका ईओ नीतू सिंह, से जब मृत गोवंश के सन्दर्भ में जानकारी ली गई तो नगर पालिका ईओ, ने इस सन्दर्भ में किसी प्रकार की जानकारी होने से किया इनकार वहीं स्थानीय निवासियों का कहना है कि चार-पांच दिन पहले ही हुई थी गाय की मौत इस सन्दर्भ में कई बार नगर पालिका को अवगत कराया जा चुका है लेकिन अभी तक आवारा गोवंश



का अन्तिम संस्कार कराने के लिए नहीं है नगर पालिका परिषद के अधिकारी व कर्मचारी तैयार जबकि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा अब से पूर्व में भी गायों की निगरानी को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों को कराया जा चुका है अवगत लेकिन उसके बावजूद भी शिकारपुर नगर पालिका परिषद का नहीं है गायों की तरफ ध्यान नगर पालिका कुंभकरण की नींद से जागने को नहीं तैयार आखिर क्यों उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेशों की शिकारपुर नगर पालिका परिषद द्वारा उड़ाई जा रही जमकर धज्जियां ।

# मिट्टी का स्वास्थ्य बचाने के लिए युवा किसान अक्षत देवरा ने मुहिम शुरू की

## अक्षत को इस कार्य के लिए जिलाअधिकारी व कृषि अधिकारी ने किया सम्मानित

**सर्वहित भारत**
**संवाददाता हरदीप चौहान**

**बिजनौर।** किसान अधिक उत्पादन के लालच में रसायनिक खाद व फसलों को हानिकारक कीटों से बचाने के लिए लगातार अंधाधुंध रासायनिक कीटनाशकों का उपयोग कर रहे हैं ।जिसकी वजह से पर्यावरण प्रदूषण के साथ-साथ कीटों में सहनशीलता भी उत्पन्न हो रही है व रसायनों के अनुचित मात्रा में उपयोग से मृदा स्वास्थ्य पर भी विपरीत प्रभाव पड़ रहा है।

इससे खेतों की उर्वरा क्षमता नष्ट हो रही है। मिट्टी का स्वास्थ्य बचाने के लिए युवा किसान अक्षत देवरा ने मुहिम शुरू की है। वह 200 से अधिक गांवों में गोष्ठी कर किसानों को जागरूक व जैविक खाद, जैविक कीटनाशक का प्रयोग करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

स्योहारा के आर्यनगर निवासी



डॉ. विनीत देवरा के पुत्र अक्षत देवरा ने वनस्पति विज्ञान से स्नातक और वनस्पति जैव तकनीकी विज्ञान से स्नाकोत्तर की पढ़ाई की। भरतीय अनुसंधान केंद्र से जुड़कर शोध व अध्ययन किया और बाद एक बड़ी कंपनी में वनस्पति शोधकर्ता के पद पर नौकरी की।

अक्षत ने बताया कि उन्होंने पढ़ाई व नौकरी के दौरान मिट्टी के हालात को जाना। उन्हें लगा कि मिट्टी बचाने के लिए कुछ कार्य किया जाए।

जून 2022 से उन्होंने मिट्टी बचाओ अभियान शुरू किया। पहले वह अकेले चले और फिर उनके साथ चार व्यक्ति जुड़ गए। वह गांव-गांव, मोबाइल फोन, एसएमएस के माध्यम से किसानों को खेती व फसलों में रसायनिक खाद, कीटनाशक की जगह जैविक खाद का प्रयोग करने की सलाह दे रहे हैं। अक्षत ने बताया कि बीज शोधन का जैविक मिश्रण बनाने के लिए पांच किलो देसी गाय का गोबर, पांच लीटर गोमूत्र, 50 ग्राम बुझा हुआ चूना, एक मुठ्ठी मिटी को 20 लीटर पानी में मिलाकर 24 घंटे के लिए रख दें। इस घोल को दिन में दो बार लकड़ी से चला दें। 100 किलो बीज उपचार के लिए इस मिश्रण में 30 मिनट डुबोएं और छाया में थोड़ा सूखा कर बुवाई करें ।जिला कृषि अधिकारी डॉ. अवधेश मिश्रा ने बताया कि अक्षत देवरा का अभियान सराहनीय है। किसानों को जैविक खाद, कीटनाशक का ज्यादा प्रयोग नहीं करना चाहिए। अक्षत को इस कार्य के लिए डीएम व कृषि विभाग ने सम्मानित किया।

हिंदी दैनिक समाचार पत्र विज्ञापन रेट
50×33 सेंटीमीटर बराबर
1650 स्क्वायर सेंटीमीटर
1650×25=41250
बैक पेज रेट
हिंदी साप्ताहिक समाचार पत्र
50×33 सेंटीमीटर बराबर
1650×15=24750
स्क्वायर सेंटीमीटर बैक पेज रेट
प्रथम पेज का विज्ञापन जस्ट बेक पेज के डबल है
मध्यम पेज का विज्ञापन बैक की पेज के विज्ञापन का आधा है
9837558066
जानकारी के लिए नीचे दिए गए नंबर पर संपर्क करें 82797 84237